
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


हनुमान का ट्रेलर रिलीज...


दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुई केंडल....

वर्ष : 10 | अंक : 12 | लखनऊ, 21 दिसम्बर, गुरुवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 22.c
न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**
सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
सेंसेक्स 69,825.60
निफ्टी 20,969.40

## 'नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट' तक होगी बेहतरीन रोड, सीएम योगी ने की समीक्षा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर' को मेट्रो, हाई स्पीड रैपिड रेल और रोड की सीधी और बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी), उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, एनएचएआई और प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जेवर का पूरा क्षेत्र कुछ वर्षों पहले तक अपराध की जद में था। दिन-दहाड़े छिनैती, लूट की घटनाएं होती थी। लेकिन आज इसकी पहचान अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हो रही है। जेवर एयरपोर्ट के पास ही फिल्म सिटी प्रस्तावित है। अगले कुछ वर्षों में यह एनसीआर का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। जेवर एयरपोर्ट, एयर कार्गो का बड़ा हब बनने जा रहा है। अनुमान के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट 2024-25 में 65 लाख यात्रियों (प्रतिवर्ष) को सेवायें देगा, जो कि 2042-43 तक बढ़कर 07 करोड़ प्रतिवर्ष होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, नई दिल्ली से कनेक्ट किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए रैपिड रेल और मेट्रो एक बेहतर विकल्प हो सकता है। भारत सरकार, एनसीआरटीसी से इस संबंध में आवश्यक सहयोग परामर्श प्राप्त करते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाए। प्रदेश सरकार इसके लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करायेगी।






बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें फरवरी 2024 में जेवर एयरपोर्ट के रनवे पर ट्रायल लैंडिंग कराना होगा। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रनवे निर्माण, लाइटिंग आदि की कार्यवाही में तेजी आवश्यक है। रेलवे के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जेवर एयरपोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी के उद्देश्य से स्थानीय चोला से रुंधी तक लगभग 98 किलोमीटर की दूरी तक एक नई रेल लाइन पर भी विचार किया जा रहा है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के स्तर पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बैठक में मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा व जन सुविधा आदि के दृष्टिगत नए थानों, फायर स्टेशन, ड्रेनेज व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

## हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि भारत को प्रौद्योगिकी का आयात न करना पड़ेः प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अभूतपूर्व तरीके से जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है औरप्रौद्योगिकी का आयात न करना या इसके लिए दूसरों पर निर्भर न रहना भारत का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रतिभा भंडार है और दुनिया को भरोसा है कि भारत वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए कम लागत वाला गुणवत्तापूर्ण, टिकाऊ व व्यापक समाधान प्रदान कर सकता है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के भव्य समापन के दौरान छात्रों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी अभूतपूर्व तरीके से हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है, हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि भारत को किसी भी प्रौद्योगिकी का आयात करने की जरूरत न हो या इसके लिए दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े।

प्रधानमंत्री ने समस्या-समाधान क्षमताओं और जटिल चुनौतियों से निपटने में सरलता के लिए युवा नवप्रवर्तकों की सराहना की। उन्होंने कहा, आज हम समय के उस निर्णायक मोड़ पर हैं, जहां हमारा हर प्रयास अगले हजार साल के भारत की नींव को मजबूत करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दुल्हन के हाथों की मेहंदी बनी विलेन, शादी के लिए नहीं हो पा रहा है रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली,** हिंदू धर्म में होने वाली शादियों मे दुल्हन के हाथों पर लगने वाली मेहंदी को बेहद शुभ माना गया है। मेहंदी को प्रेम की निशानी माना जाता है। कहा जाता है कि मेहंदी का रंग जितना गहरा होगा पति-पत्नी के बीच प्रेम भी उतना ही अधिक होता है। भारत में अमूमन हर शादी में मेहंदी दुल्हन को लगाई जाती है। ऐसा करना खास रस्म का हिस्सा भी होता है। मेहंदी लगाना सदियों पुरानी परंपरा का हिस्सा है। मगर इस सदियों पुरानी परंपरा को नई तकनीक रास नहीं आ रही है, जिस कारण शादियों में अब परेशानी हो रही है। दरअसल जो कपल रजिस्टर्ड मैरिज करने के इच्छुक हैं उनकी शादी में मेहंदी अब बड़ा अड़ंगा लगा रही है। दरअसल मेहंदी वाले हाथों से अब बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन करने में परेशानी आ रही है।

ऐसा ही मामला बंगाल में भी देखने को मिला है जहां मेहंदी लगाए हाथों से रजिस्टर मैरिज करना संभव नहीं है। ऐसे में कपल को ये सलाह दी गई है कि हाथ के अंगूठे और उंगली में मेहंदी ना लगाएं ताकि रजिस्ट्रेशन में किसी तरह की परेशानी ना आए।

बता दें कि पश्चिम बंगाल में शादी के बंधन में बंधने वाले कपल अपने अंगूठे का निशान दो बार दर्ज करना होता है। बता दें कि पहले रजिस्ट्रार ऑफिस में आवेदन जमा करना होता है। इसके बाद एक महीने का समय बीतने के बाद मैरिज रजिस्ट्रेशन होता है और तब दूसरी बार निशान लगाना होता है। ऐसे में ये देखने में आया है कि रजिस्ट्रेशन के दौरान दुल्हन की उंगलियों पर लगी मेहंदी के कारण उनके अंगूठे के निशान लेने में काफी समस्या होती है। ऐसे में रजिस्ट्रार ऑफिस से ये सलाह दी गई है कि हथेलियों पर मेहंदी लगाने के दौरान अंगूठे के ऊपरी छोर को छोड़ना चाहिए।

### कपल को दी जा रही ये सलाह

बता दें कि एक रजिस्ट्रार का कहना है कि बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन की शुरूआत होने के बाद एक नोटिस मिला है, जिसमें ये कहा गया है कि उंगलियों पर मेहंदी, आल्ता, सिंदूर ना लगाया जाए। ऐसा करने से उंगलियों के निशान लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं को कहा गया है कि उंगलियों पर मेहंदी ना लगवाई जाए ताकि मैरिज रजिस्टर करने में परेशानी ना हो। बता दें कि एक शादी में गवाह के हाथ पर मेहंदी लगी हुई थी और उसकी उंगली के निशान नहीं लिए जा सके। ऐसे में अंतिम समय में गवाह को बदलना पड़ा था।

### टालनी पड़ी थी शादी

बता दें कि ऐसा ही एक और मामला देखने को मिला था जिसमें नवीन और अंजू की शादी होनी थी। दोनों की शादी सात दिसंबर को हुई थी और शादी का रजिस्ट्रेशन जनवरी तक के लिए आगे बढ़ाना पड़ा था। इसके पीछे मुख्य कारण था कि दुल्हन के हाथों की उंगलियों पर मेहंदी लगी थी, जिससे बायोमेट्रिक सिस्टम पर उंगलियों के निशान अलग हो सकते थे। ऐसे में मेहंदी का रंग फीका होने तक रजिस्टर करने के लिए इंतजार किया गया।

## अयोध्या में बिजली पैदा करने के लिए किया जा रहा खास काम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण लगभग पूरा होने वाला है। राम मंदिर निर्माण पूरा होने का इंतजार पूरा देश कर रहा है। अयोध्या में निर्मित हो रहे राम मंदिर के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार शहर का भी कायाकल्प करने में जुटी हुई है। अयोध्या को अब एक और सौगात मिलने जा रही है। राम नगरी को अब जगमग करने के लिए सोलर पैनल का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में सरकार ने 168 एकड़ जमीन पर सोलर प्लांट लगाने का फैसला किया है। प्रशासन सोलर पैनल लगाने को लेकर पूरा प्लान तैयार कर चुकी है। अयोध्या एयरपोर्ट की सौगात भी इसे मिल चुकी है। वहीं अयोध्या रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी हो चुका है। अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण से पहले ही कई तैयारियां की जा रही हैं जिससे पुरी अयोध्या का रूप बदला जा रहा है।

इस संबंध में अयोध्या के डीएम नीतीश कुमार ने जानकारी दी है कि हम लोगों ने 168 एकड़ भूमि को चिन्हित किया है। ये भूमि नवीकरणीय ऊर्जा विभाग को दी गई है। इस भूमि पर एनटीपीसी की ओर से सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस सोलर प्लांट के जरिए ही सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। अयोध्या के पार्कों में सोलर ट्री लगाए जा रहे हैं जो इन सोलर प्लांट के जरिए ही रोशन होंगे।

## राम मंदिर, 370, तीन तलाक, महिला आरक्षण, लोकसभा में बोले शाह- हम जो कहते हैं, वह करते हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** गृहमंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनमित से अपनी स्वीकृति दी। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी),1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाये गए हैं। अमित शाह ने कहा कि हमने कहा था कि हम धारा 370 और 35ए हटा देंगे। हमने वादा किया था कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति बनाएंगे और सुरक्षाकर्मियों को फ्री हैंड देंगे। हमने दिया। इसके कारण तीन हॉटस्पॉट जम्मू कश्मीर, उत्तर पूर्व और उग्रवादी क्षेत्र में हिंसक घटनाओं में कमी आई है। पूर्वोत्तर के 70 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र से अफस्पा को हटा लिया गया है।



अमित शाह ने कहा कि जिन्होंने अपने एजेंडा में रखा था कि अफस्पा को हटाएंगे वो ऐसी स्थिति का निर्माण नहीं कर पाए। हमने कहा था कि अयोध्या में जितना हो सके उतना जल्दी राम मंदिर बनाएंगे। 22 जनवरी को वहां पर रामलला विराजमान होंगे। शाह ने कहा कि ये नरेंद्र मोदी सरकार है जो कहती है वो करती है। हमने कहा था कि संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देंगे। हमने सवार्नुमत से इस देश की मातृशक्ति को सम्मानिक किया। हमने कहा था कि तीन तलाक मुस्लिम माताओं, बहनों के लिए अन्याय करता है। उसे समाप्त कर देंगे और किया भी।

भाजपा की सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह की जमकर तारीफ की और अक्षय कुमार की एक फिल्म के संवाद से मिलते-जुलते शब्दों का उपयोग करते हुए कहा कि अमित शाह जो कहते हैं वह करते हैं और जो नहीं कहते उसे (वह) जरूर करते हैं। उन्होंने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर चर्चा में भाग लेते हुए यह टिप्पणी की।

## नड्डा ने बताया धनखड़ की नकल को पिछड़ों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता का अपमान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** विपक्षी सांसद द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल को पिछड़ों का प्रतिनिधित्व करने वाले और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान करार देते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को पूछा कि क्या भारत के लोग इस अपमान को बर्दाश्त कर सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी हमला करते हुए कहा कि जब सांसद उपराष्ट्रपति की नकल कर रहे थे तो वह वीडियो बना रहे थे। उन्होंने गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पार्टी सांसद रवि किशन के भोजपुरी स्टूडियो में कैमरापर्सन के लिए एक जगह खाली है और अगर वह (राहुल) इसके लिए परीक्षा देते हैं तो उनके नाम पर विचार किया जा सकता है। संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर हंगामा करने पर दोनों सदनों से 90 से अधिक विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था।



निलंबन के विरोध में विपक्षी सांसदों ने कल मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सदन की मॉक कार्यवाही का आयोजन किया था। निलंबित सांसदों ने संसद के नए भवन के द्वार पर धरना दिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति और लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा, सदनों की कार्यवाही का संचालन किए जाने की नकल उतारी।

## लोकसभा से दो और सांसद हुए सस्पेंड, 143 हुए निलंबित सांसदों की संख्या

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** लोकसभा ने बुधवार को दो और विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र के लिए कदाचार के लिए निलंबित कर दिया। दोनों सदस्य - थॉमस चाज़िकादान और एएम आरिफ - केरल से हैं। चाजिकादान जहां केरल कांग्रेस (एम) से हैं, वहीं आरिफ सीपीएम से हैं। इसके साथ ही कुल 143 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया है। शीतकालीन सत्र शुक्रवार (22 दिसंबर) को समाप्त होने वाला है। एडवोकेट एएम आरिफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार एडवोकेट शनिमोल उस्मान को 10,474 मतों के अंतर से हराकर अलाप्पुझा निर्वाचन क्षेत्र जीता। थॉमस चाज़िकादान केरल कांग्रेस (मणि) के नेता हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उम्मीदवार वीएन वासवन को 1,06,259 मतों के अंतर से हराकर कोट्टायम निर्वाचन क्षेत्र जीता। आपराधिक कानूनों से संबंधित तीन विधेयकों पर चर्चा के बीच में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष के दो सदस्यों - सी. थॉमस और ए.एम. आरिफ का नाम लेकर उन्हें आसन की अवमानना को लेकर संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। 4 दिसंबर को शुरू हुए सत्र में 14 दिसंबर को 14, सोमवार को 78, मंगलवार को 49 और अब आज दो और सांसदों को निलंबित किया गया। विपक्षी सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा दोनों के कामकाज में व्यवधान पैदा करने और 13 दिसंबर को संसद सुरक्षा उल्लंघन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग करने के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## अगर भाजपाई शराब को अच्छा समझते हैं, तो इसे अपने कार्यालय से बेचें : अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और क्रूज में शराब की बिक्री की अनुमति देने को लेकर बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि शराब और अपराध के बीच गहरा संबंध है और उन्होंने भाजपा को सुझाव दिया कि अगर वे इसे अच्छा समझते हैं तो इसे अपने कार्यालयों से बेचें। उन्होंने कहा कि भाजपाई इस तरह सार्वजनिक स्थलों को अराजकता और अपराध का केंद्र न बनाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 2024-25 के लिए अपनी आबकारी नीति को मंजूरी दे दी, जिसमें हवाई अड्डे, मेट्रो स्टेशन और रेलवे स्टेशन से शराब की बिक्री के प्रावधान की अनुमति है।



यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व ट्विटर) पर अपनी एक पोस्ट में कहा, उप्र भाजपा सरकार के पास एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए क्या यही एक रास्ता बचा है कि शराब रेलवे, मेट्रो स्टेशन व क्रूज पर बेची जाए। उन्होंने कहा, इसका मतलब ये हुआ कि लाखों-करोड़ों के निवेश के जो भी दावे किए गए थे, वो सब झूठे साबित हुए हैं, तभी तो सरकार ऐसे अनैतिक रास्तों को अपना रही है। आज शराब बिक कर रही है कल को दूसरे और भी मादक पदार्थ सार्वजनिक जगहों पर बेचे जाएंगे। यादव ने कहा, अगर भाजपाई समझते हैं कि शराबखोरी इतनी ही अच्छी है तो अपने कार्यालयों से बेचें, सार्वजनिक स्थलों को अराजकता और अपराध का केंद्र न बनाएं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ऐसे फैसलों से घर-परिवार को बर्बाद न करे। महिलाएं और बच्चे जानते हैं कि शराब किस प्रकार घरेलू हिंसा से लेकर सार्वजनिक हिंसा का कारण बनती है और युवाओं के लिए घातक साबित होती है। इस फैसले के विरोध में उप्र की महिलाएं, परिवारवाले और युवा, भाजपा कोसत्ता से हटाने का फैसला करेंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि शराब और अपराध का गहरा संबंध होता है। ये भाजपा राज में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के जीरो हो जाने का एक और उदाहरण बनेगा।

## जब किसानों को नक्सलवादी और उग्रवादी बताया गया तो क्या यह अपमान नहीं थाः सुरजेवाला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी के मिमिक्री किए जाने से जुड़े विवाद की पृष्ठभमि में बुधवार को कहा कि जब आंदोलनकारी किसानों को उग्रवादी तथा नक्सलवादी कहा गया तो क्या यह किसानों का अपमान नहीं था। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद परिसर में उनकी, तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद द्वारा नकल उतारे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च सदन में कहा कि संसद परिसर में उनकी नकल उतारकर किसान समाज और उनकी जाति (जाट) का अपमान किया गया है।

राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने एक बयान में कहा, जब किसान आंदोलन में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों के किसानों को मोदी सरकार के लोग उग्रवादी, नक्सलवादी और अराजक तत्व बता रहे थे तो क्या ये किसानों का अपमान नहीं था? जब किसान आंदोलन में 700 किसान शहीद हो गए तब संसद में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का एक भी सांसद खड़ा नहीं हुआ था तो क्या ये किसानों का अपमान नहीं था? उन्होंने कहा, जब किसानों को एक भाजपाई ने गाड़ी के नीचे कुचल कर मार डाला, जब दिल्ली के दरवाजे पर उनके रास्ते में कीलें लगा दी गई तो क्या ये किसानों का अपमान नहीं था?




तब किसानों का अपमान क्यों दिखाई नहीं दिया? सुरजेवाला ने कहा, जब किसानों की पहलवान बेटियों का भाजपा के सांसद द्वारा यौन शोषण किया गया, जब वे संसद के दरवाजे पर न्याय के लिए सिसकती रही, जब उन्हें भाजपा सरकार की पुलिस द्वारा जूतों के नीचे रौंदा गया, जब उन्हे संसद के बाहर जंतर-मंतर पर सड़कों पर घसीटा गया

तो जब किसानों का अपमान नहीं हुआ? उन्होंने कहा, जब फौज की सेवा करने वाले किसानों के भाई, बेटे और महिलाएं देश की संसद के बाहर ह्वन रैंक, वन पेंशनह्व की गुहार लगा रहे थे तो 15 अगस्त से एक दिन पहले, 14 अगस्त की शाम को उन्हें जंतर-मंतर की सड़कों पर घसीट कर अपमानित किया गया, गिरफ़्तार किया गया तो किसानों की बेइज्जती नहीं हुई? उन्होंने कहा कि पद की गरिमा जाति से नहीं, कर्तव्य बोध से होती है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा, जब संविधान पर सरकार ही आक्रमण कर रही तो उसका विरोध करना सच्ची देशभक्ति है।

## दिवंगत व्यापारी नेता सुजीत पांडे को तीसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

मोहनलालगंज। कस्बे में दिवगंत व्यापारी नेता सुजीत पाण्डेय की तीसरी पुण्यतिथि पर बुधवार को श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया ।इस मौके पर व्यापारियों से लेकर क्षेत्रीय लोगो ने बड़ी संख्या में श्रद्धाजंली सभा में पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंली दी ।इस मौके पर सुंदरकांड पाठ के उपरांत प्रसाद का वितरण भी किया गया ।दिवगंत व्यापारी नेता की याद में कस्बे में स्थित उनकी मार्केट पूरी तरह बंद रही ।मोहनलालगंज नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि व व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे के द्वारा अपने दिवगंत पिता की याद में श्रद्धाजंली सभा व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया ।इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर,पूर्व एमएलसी अरविंद कुमार त्रिपाठी उर्फ गुड्डू ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल,निगोहाँ व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला,तहसीलदार आनन्द तिवारी,अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह,शिवम पाण्डेय,एडवोकेट सतीश अवस्थी,सासंद प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगो समेत व्यापारियो ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार,भेजा जेल

लखनऊ। निगोहां थाने की कमान सभांलने के बाद प्रभारी अनुज कुमार तिवारी फुल फाम में है ।उन्होने चार्ज सभांलते ही काफी समय से फरार कई वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा तो वही मगंलवार की देर रात अवैध नशे के विरूद्व अभियान चलाकर 40ली०अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया मगंलवार की देर रात अवैध नशे के विरूद्व अभियान चलाते हुये उपनिरीक्षक राजेश कुमार समेत पुलिस टीम के साथ मंगटईया गांव में छापेमारी करते हुये एक तस्कर को दो प्लास्टिक की पिपियो में भारी 40ली०अवैध कच्ची शराब के साथ दबोचा गया ।पुछताछ में तस्कर ?ने अपना नाम मनीष कुमार निवासी सुखनाखेड़ा थाना निगोहां बताया ।तस्कर के विरूध आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# एसडीएम स्तर से सभी दस्तावेजों का होगा भौतिक सत्यापन

**पासपोर्ट की तरह होगी सत्यापन की प्रक्रिया**

**आधार सेवा केन्द्र व पोस्ट ऑफिस से ही होगा नया आधार नामांकन**

**18 वर्ष के कम आयु वर्ग का आधार पहले की तरह ही बनेगा**

**यूआईडीएआई का सर्विस प्लस पोर्टल बुधवार से हुआ शुरू**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। 18 वर्ष से ऊपर के जिन लोगों का आधार अभी तक नहीं बना है, उनका आधार कार्ड अब तहसील से सत्यापन के बाद ही बनेगा। यानी बालिग लोगों को पहली बार आधार बनाने के लिए पासपोर्ट की तरह सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रदेश में यह नई व्यवस्था बुधवार से लागू हो गई है। एसडीएम स्तर से सत्यापन के लिए यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) का सर्विस प्लस पोर्टल शुरू हो गया है।

### एसडीएम स्तर से होगा सत्यापन

नया आधार नामांकन कराने वाले 18 वर्ष से ऊपर के लोगों का आधार एसडीएम स्तर पर सत्यापन के बाद ही जारी होगा। इसके लिए जिला स्तर पर एडीएम और तहसील स्तर पर एसडीएम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के युवक-युवतियों का आधार नामांकन पहले की तरह ही होगा।

### पोस्ट ऑफिस व सेवा केंद्र पर ही बनेंगे आधार

यूआईडीएआई के उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को आधार नामांकन केवल जिले के मुख्य डाक घर, उप डाकघर या यूआईडीएआई द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्रों पर ही होगा। इस समय प्रदेश ऐसे 1136 केन्द्र संचालित हैं।

### आधार बनने में लग सकते हैं 180 दिन

इस नई व्यवस्था के तहत नया आधार जारी होने में 180 दिनों तक यानी छह माह तक का समय लग सकता है। इसके तहत आधार नामांकन (आवेदन) के बादयूआईडीएआई डाटा गुणवत्ता की जांच करेगा और फिर आवेदन को सर्विस प्लस पोर्टल पर भेज देगा। एसडीएम, पोर्टल पर आए आवेदनों का सत्यापन कराएंगे। आवेदक द्वारा लगाए गए सभी दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन होगा। इसके बाद एसडीएम स्तर से आधार जारी करने की अनुमति मिलेगा। अगर दस्तावेज संदिग्ध या गलत पाए जाएंगे तो आवेदन निरस्त हो जाएगा। उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था केवल 18 वर्ष से ऊपर नया आधार बनवाने वाले लोगों पर लागू होगी। आधार बनने के बाद यह लोग भी सामान्य प्रक्रिया के तहत अपना आधार अपडेट करवा सकते हैं। प्रदेश में 16.55 करोड़ लोगों का आधार बन चुका है।

## दहेज प्रताड़ना में पति पर दर्ज हुआ मुकदमा

लखनऊ। महिला ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ मलिहाबाद कोतवाली में दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने दबाव बना कर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। ठाकुरगंज निवासी महिला का निकाह मई 2022 में अयाज अहमद से हुआ था। शादी के वक्त पांच लाख रुपये बतौर मेहर दिए गए थे। इसके साथ ही दस लाख के गहने और दो लाख रुपये का सामान अयाज को मिला था। पीड़िता के मुताबिक ससुराल पहुंचने के कुछ वक्त बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। अयाज ने पत्नी के साथ कई बार मारपीट की। विरोध करने पर घर से भगा दिया। किसी तरह से ससुराल वापस लौटी महिला के साथ पति का रवैया नहीं बदला। पीड़िता से जबरन तलाकनामे पर हस्ताक्षर कराने की कोशिश हुई। महिला ने पति की बात मानने से मना कर दिया। जिसके चलते आरोपी ने पत्नी को तीन तलाक देकर खाड़ी देश भाग निकला।

## पार्षद रामनरेश रावत ने हरि ओम नगर कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत ने बुधवार को अलीनगर सुनहरा स्थित हरि ओम नगर कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का शिलान्यास कराया। इसका शिलान्यास पार्षद ने अपनी मौजूदगी में भाजपा के सेक्टर संयोजक अभय द्विवेदी, बूथ अध्यक्ष अशोक बाजपेई और मयंक तिवारी के जरिए विधि विधान से पूजा पाठ करने के अलावा नारियल तुड़वाकर किया। इस दौरान पार्षद ने बताया कि अलीनगर सुनहरा स्थित हरि ओम नगर कॉलोनी में जीएन गुप्ता के घर से विजय के मकान के सामने होते हुए आफताब खान के घर तक पड़े 130 मीटर लंबे कच्चे रास्ते को 5 मीटर की चौड़ाई में इंटरलॉकिंग सड़क के रूप में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इंटरलॉकिंग सड़क 15 लाख रुपए की लागत से नगर निगम द्वारा बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण विधायक राजेश्वर सिंह, सांसद कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के प्रयास से किया जाएगा। उधर इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास होने की जानकारी मिलने पर कॉलोनी वासियों ने पार्षद के अलावा अन्य उक्त नेताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मौके पर पार्षद रामनरेश रावत के अलावा संतोष त्रिपाठी, अभय द्विवेदी, मयंक तिवारी, अशोक बाजपेई, गणेश यादव, सीताराम शर्मा, गौरव, शिवम मिश्रा, चंदन तिवारी, कुलदीप शुक्ला, अनिल कटियार, सभ्यता शुक्ला, उर्मिला गुप्ता, अनीता मौर्या, वर्षा, दीक्षा शुक्ला और विनय अग्निहोत्री सहित कॉलोनी के तमाम अन्य लोग मौजूद रहे। पार्षद रामनरेश रावत ने सभी लोगों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया।

## ब्लाक प्रमुख ने बीस लाख की लागत से बनी सड़को का किया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। हरिहरपुर पटसा व महेशखेड़ा गांवो में क्षेत्र पंचायत निधि से बनी इंटरलाकिंग सड़को का बुद्ववार को ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने क्षेत्र पंचायत सदस्यो की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया ।प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू ने बताया निगोहा के हरिहरपुर पटसा में कृपा शंकर द्विवेदी से महेंद्र यादव के घर तक करीब दो सौ मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण दस लाख रुपये से किया गया ।वही भौंदरी के महेश खेड़ा में भी दस लाख की लागत से सड़क निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से निर्माण कराया गया ।जिसका उद्घाटन ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला व वरिष्ठ समाजसेवी कृपा शंकर द्विवेदी ने नारियल तोड़ने के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया ।ग्रामीणों ने ब्लाल प्रमुख को धन्यवाद दिया ।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र दीक्षित, विनोद वर्मा,प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज पाल ,मोनू शुक्ला मौजूद रहे।

## शातिर चोरों ने हनुमान जी के मंदिर से चुराये पीतल के घन्टे

लखनऊ। सर्दी शुरू होते ही चोरों के हौसले बुलंद है चोर इतने बे लगाम है कि धर्म स्थलों को भी नहीं बक्स रहे है। मंगलवार देर रात ग्राम पंचायत गोस्वा मजरे चाँदीखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर से पीतल के वजनी 5 घंटे चुराकर भगवान को भी चुनौती दे डाली। चांदीखेड़ा निवासी हरिशंकर शुक्ला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव के पश्चिम दिशा में गांव से लगभग 500 मीटर दूर हनुमानगढ़ी मंदिर में लगे पांच पीतल के वजनी 5 घंटे देर रात बेखौफ चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर गायब कर दिए। हरिशंकर जब सवेरे पूजा अर्चना के लिए गए तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा है और घंटे भी गए थे। पुलिस की निष्क्रियता का लाभ उठाकर थाना क्षेत्र के सीमांत गांव तिलक खेड़ा में सोमवार देर रात घर के पिछे लगी यूकेलिप्टिस पेड़ से उतरकर घर में दाखिल होकर करीब डेढ़ लाख रुपए का नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गए थे। 24 घंटे भी नहीं बीते शातिर चोरों ने हनुमान जी के मंदिर को भी निशाना बना डाला। इस संबंध में एसओ अजीत कुमार ने बताया कि दोनों प्रकरणों की जांच की जा रही है जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## 4354.45 मीट्रिक टन मक्का की हुई खरीद

**योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से मक्का किसानों को किया गया 897.54 लाख का भुगतान**

**2090 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है मक्का का समर्थन मूल्य**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊः** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत मक्का की खरीद जारी है। एक अक्टूबर से अब तक 4354.45 मीट्रिक टन मक्का की खरीद हो चुकी है। योगी सरकार ने किसानों के लिए मक्का का समर्थन मूल्य 2090 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। योगी सरकार के कुशल प्रबंधन और पारदर्शी प्रक्रिया से मक्का किसानों को 897.54 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

### कानपुर संभाग में 2153.50 मीट्रिक टन मक्का की खरीद

कानपुर संभाग में 22 क्रय केंद्रों से 2153.50 मीट्रिक टन और अलीगढ़ संभाग में अब तक 20 क्रय केंद्रों से 687.70 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की गई है। लखनऊ में सात क्रय केंद्रों से 535.70 मीट्रिक टन, आगरा में 8 क्रय केंद्रों से 485.35 मीट्रिक टन, मेरठ संभाग में पांच क्रय केंद्रों से 245 मीट्रिक टन और आजमगढ़ में चार क्रय केंद्रों से 169 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की जा चुकी है। अन्य संभागों में भी तेजी से मक्का खरीद जारी है।

### किसानों को किया जा चुका 897.54 लाख का भुगतान

केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार निरंतर ही किसानों के विकास पर कार्य कर रही है। किसानों से जुड़ीं अनेक योजनाएं उन्हें सम्मान के साथ स्वावलंबी बनाने की तरफ अग्रसर हैं। सिर्फ मक्का की ही बात करें तो अब तक 897.54 लाख का भुगतान किया जुका है। सर्वाधिक भुगतान कानपुर संभाग के किसानों को किया गया है। यहां 385 किसानों को अब तक 450.08 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। वहीं अलीगढ़ के किसानों को 142.97 लाख का भुगतान किया जा चुका है। लखनऊ के किसानों को 111.96 लाख और आगरा के किसानों को 94.84 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

बंथरा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उनके गांव तक मिलने लगा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ बनी में भी हो गया है। जिसके तहत आज सरोजनीनगर के बन्थरा बनी ग्रामसभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न 17 योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक चली। वही कार्यक्रम मे केन्द्र में मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के संगठन के तरफ से वरिष्ठ भाजपा नेता रमाशंकर त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिध के एन सिंह, लखनऊ जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ मनोज कुमार सिंह चौहान, जिला मन्त्री आशु शुक्ला, भाजपा नेता संजीव मिश्रा ,राकेश सिंह पूर्व प्रधान, रमेश गुप्ता प्रधान सरोजनीनगर विकास खण्ड से एडीओ पंचायत कौशल कुमार, एडीओ एजी शोभनाथ आई एफ एफ सीओ से नीरज सिंह इण्डियन ओवर सीज बैंक से अविश भारती स्वस्थ विभाग से रत्नेश यादव, जय प्रताप यादव बालविकास पुष्टाहार टीम उपस्थिति रही।

## किसान की खड़ी फसल को दबंगों ने जोत डाला, पिता-पुत्र को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते मंगलवार को एक किसान के खेत में तार बन्दी के लिये गड़े पिलरों को विपक्षियों ने उखाड़ दिया. किसान जब दोबारा पिलर गाढ़ रहा था. तब एक राय होकर विपक्षियों ने जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकियां देकर आतंकित करते रहे किसान के पुत्र ने 112 डायल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस के पहुंचने पर भी विपक्षी दबंगों ने किसान को जमकर मारा पीटा और खेत में खड़ी आलू की फसल जोत डाली। तब पुलिस ने पांच लोगों को पकड़कर थाने ले गई। मुकदमा दर्ज किया।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर मजरे ढखवा निवासी किसान रामबहाल यादव मंगलवार दोपहर को खेत देखने गए तो सुरक्षा के तौर पर लगाए गए पिलर उखड़े पड़े थे राम बहाल यादव बेटे के साथ पिलरों को गाड़ने लगे इतने में राम बालक, अर्जुन यादव , वीर सिंह यादव, आदेश यादव, ने पिलर गाड़ने से मना किया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घुसो से गिरा कर पीटने लगे तब किसी तरह से बचकर बाप बेटे ने 112 डायल कर पुलिस को सूचित किया जब तक पुलिस पहुंची तब तक किसान की आलू की फसल जोत डाली और प्रतिरोध करने पर बाप बेटे को जमकर पीट दिया। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में मलिहाबाद कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कैशलेस कार्ड बनाने के लिए विभागों को मिलेगा प्रशिक्षण

**पुलिस मुख्यालय में लगा दो दिवसीय शिविर**

**शिविर में बनाये गये 1000 स्टेट हेल्थ कार्ड**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की ओर से पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत स्टेट हेल्थ कार्ड बनाने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी, संगीता सिंह एवम्-उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डा0 पूजा यादव के निदेर्शानुसार पुलिस मुख्यालय, लखनऊ में 19 और 20 दिसंबर को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों एवम पेंशनर्स की ई-केवाईसी व अन्य समस्याओं का समाधान करते हुए ह्लपं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजनाह्ल के लगभग 1000 स्टेट हेल्थ कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की टेक्निकल टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय के टेक्निकल टीम को भी उक्त कार्ड बनाए जाने के लिए ट्रेनिंग देते हुए बताया गया कि लाभार्थी स्वंय भी अपना कार्ड कैसे बना सकते हैं।

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज ने बताया कि प्रमुख सचिव महोदय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में ह्लपं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजनाह्ल के अन्तर्गत स्टेट हेल्थ कार्ड का प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक कार्ड बनाने का लक्ष्य है। भविष्य में भी उक्त योजना से अधिकाधिक अधिकारियों/कर्मचारियों एवम पेंशनर्स को लाभान्वित करने के उद्देश्य से अन्य विभागों में भी इस प्रकार के शिविर का आयोजन करके विभागों की टेक्निकल टीम को कार्ड बनाने की ट्रेनिंग जी जाएगी।

उक्त दो दिवसीय शिविर में उप-मुख्य कार्यपालक अधिकारी, साचीज उपस्थित रहीं एवम् अधिक से अधिक स्टेट हेल्थ कार्ड बनाये जाने हेतु तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया। अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय लखनऊ डा0 एन0 रविन्दर के निदेर्शानुसार, विशेष कार्य अधिकारी कल्याण उ0प्र0 डा0 प्रवीन आजाद ने उक्त कैम्प को सफलतापूर्वक आयोजित करवाया। इस क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक ने छूटे हुए अन्य सेवारत अधिकारी/कर्मचारी तथा उनके आश्रित एवम् सेवानिवृत्त अधिकारी तथा कर्मचारी उनके आश्रितों के उक्त योजना सम्बन्धी कार्ड शीघ्र अति शीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया।

## ट्रेन की चपेट मे आया युवक, मौत

बन्थरा ।लखनऊ कानपुर रेल खंड पर हरौनी स्टेशन के समीप सहिजनपुर गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया युवक का एक घुटना और पैर बुरी तरह से फ्रेक्चर हो गया। लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज हेतु सीएचसी अस्पताल भेजा जहां पर युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना काकोरी के बेहटा गांव निवासी स्वर्गीय मंशा राम का पुत्र उमेश उम्र करीब बीस वर्ष बंथरा के सहिजन पुर गांव के निवासी अपने बहनोई शिमरन के घर पर रहता था। बुधवार करीब ग्यारह बजे उमेश संदिग्ध परिस्थितियों में किसी ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसका एक घुटना और पैर कट गए। ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सरोजनीनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम किए भेज दिया।

## मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार



निगोहॉ-मदनखेड़ा गांव में एक मजदूर ने पत्नी से झगड़े के बाद नाराज होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी ।परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निगोहां के मदनखेड़ा गांव में मजदूर मनीष रावत (25 वर्ष) पत्नी ममता रावत व एक बेटे प्रिंश,बेटी योग्यता के साथ रहता था ।परिजनो ने बताया मंगलवार की रात मनीष शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा जहां किसी बात को लेकर पत्नी से उसका झगड़ा हो गया ओर नाराज मनीष ने पत्नी व बच्चो को घर के बाहर कर दिया ।ओर दरवाजा बंद कर अंदर डीजे बजाने के बाद घर के बरामदे में टीन शेड की पाईप में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।घर के अंदर से कोई आहट ना मिल ?ने पर पत्नी देर रात बच्चो संग घर के अंदर गयी तो पति का शव लटकता देख दंग रह गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में शराब के नशे में घर पहुंचे मजदूर द्वारा पत्नी से झगड़े के बाद फांसी लगाकर जान देने की बात पता चली हैं।

## जालसाजों ने ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर लाखों रुपए की रकम हड़पी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में जालसाज ने बीते दिनों एक युवक को पार्ट टाइम ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर उसके खाते से 2,60,000 रुपए की रकम हड़प ली। अपने साथ धोखाधड़ी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी मनीष कुमार सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मेसर्स जी कुमार इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत है। मनीष का कहना है कि बीती 27 नवंबर को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 7788996282 से मैसेज कर उसे वेब डुयडिजिटल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़कर घर बैठे पार्ट टाइम ऑनलाइन काम कर रुपए कमाने का प्रलोभन दिया। जहाँ मनीष को उसने झांसे में लेकर मनीष से अपने खाते में 30 हजार रुपये हस्तांतरित करा लिए। मनीष का कहना है कि इसी तरह जालसाज ने अपने अन्य बैंक खातों में कई बार में मोबाइल चैटिंग करते हुए करीब 2,60,000 रुपए की रकम धोखाधड़ी करते हुए निकाल ली। जब मनीष को अपने साथ ठगी होने की भनक लगी तो उन्होंने आनन-फानन इसकी सूचना साइबर क्राइम में दी। बाद में साइबर क्राइम में शिकायत करने के बाद मनीष ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर सेल की मदद से उसका पता लगा रही है।

# सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में एसओपी का किया जाएगा अनुपालन

**स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों और जल संस्थानों के महाप्रबंधकों को लिखा पत्र**

**पूर्व में जारी एसओपी के अनुसार ही सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई सुनिश्चित कराने के लिए किया निर्देशित**

**खतरनाक सफाई की श्रेणी में आने वाले कार्यों में लगे लोगों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार दिखा रही है प्रतिबद्धता**

**अत्याधुनिक सफाई उपकरणो एवं आवश्यक उपस्करों का उपयोग किए बिना सफाई का कार्य नहीं किया जाएगा**

**सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई जैसे खतरनाक कार्य में लगे लोगों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार गंभीर है। इसके लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निदेर्शों का प्रदेश में पूर्णतः पालन किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी नगर आयुक्तों, जलकल एवं जल संस्थान के महाप्रबंधकों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को पत्र लिखकर सीवर एवं सेप्टिक टैंकों की सफाई में विभाग की ओर से पहले जारी की जा चुकी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि खतरनाक सफाई के दौरान अत्याधुनिक सफाई उपकरणो एवं आवश्यक उपस्करों का उपयोग किए बिना सफाई का कार्य नहीं किया जाएगा। निकाय स्तर पर सीवर, सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान किसी भी व्यक्ति से मैनुअल सफाई कार्य नहीं कराया जाना है एवं सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। उल्लेखनीय है कि 20 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले कर्मियों की सुरक्षा के संबंध में राज्यों को कड़ा आदेश दिया था। इसमें मैनुअल सफाई नहीं कराने के अलावा दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में 30 लाख रुपए के हजार्ने की भी बात कही गई थी।

### एसओपी के समस्त बिंदुओं का हो अक्षरशः पालन

स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक डॉ नितिन बंसल द्वारा जारी आदेश के अनुसार सीवर, सेप्टिक टैंकों की सफाई को लेकर पहले भी विभाग द्वारा सभी निकायों को समय-समय पर एसओपी जारी की जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में सभी नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों और जल संस्थान के महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने निकाय स्तर पर पूर्व में जारी एसओपी के समस्त बिंदुओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

### असुरक्षित सफाई कराना कानूनी अपराध

पूर्व में जारी एसओपी के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को सीवर सफाई के लिए सीवर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। अतः सीवर सफाई के लिए बिना समुचित सुरक्षा उपायों के सीवर में प्रवेश प्रतिबंधित है। सेप्टिक टैंक, सीवर की नियमित सफाई तथा अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और मानक संचालन प्रक्रिया एवं सुरक्षा उपकरणों के साथ सुनिश्चित किया जाए.

## लोनहां के विवेकानंद स्कूल पर स्वरोजगार उन्मुख ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मिशन शक्ति नारी स्वावलंबन के तहत बुधवार को विवेकानंद शिक्षा संस्थान पर स्वरोजगार उन्मुख ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लखनऊ जिले का केंद्र बनाया गया ।वहीं विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को योजना के बारे में जानकारी दी गई। जिला निर्यात भवन के संतोष कुमार ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जहां सरकार स्वरोजगार उन्मुख ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसके तहत कई महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा ।बृहस्पतिवार से दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विवेकानंद शिक्षा संस्थान पर किया जाएगा ।वहीं महिलाओं को जानकारी दी गई ।कि 1.98 लाख का ई-रिक्शा क्रय करने वाली महिलाओं को विभाग की ओर से 25 प्रतिशत यानी 50 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। ड्राईविंग लाइसेंस विभाग फ्री में बनवाएगा ।इस दौरान जिला निर्यात भवन के संतोष कुमार , अनुराग कुमार , विद्यालय के प्रबंधक डॉ विश्राम प्रजापति , पूजा देवी , शिवानी प्रजापति, प्रिया यादव , सुजाता , समन्वयक अशोक कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में और भी महिलाएं भाग लेना चाहते है इस लाभ का जुड़ सके है । रवि कुमार ने अतिथियों और महिलाओं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया ।

## संक्षेप

### बाबा की दरगाह में पूर्व सांसद ने टेका अपना मत्था

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता के लिऐ प्रसिद्ध शूफी शन्त शय्यद इकरामुल हक उर्फ गुदड़ी बाबा के अठत्तरवें शालाना उर्स के मुबारक मौके पर पूर्व सांसद राष्ट्रीय सचिव सपा अन्नू टण्डन ने ने बाबा की दरगाह पर पहुँच कर चादर पेश कर मुल्क के अम्नो शलामती की दुआ की और कहा ये वो आलीशान दरबार है की यहां मेरी प्रति वर्ष हाजरी होती है यहां शान्ति मिलती है व मुरादे पूरी होती हैं। दरगाह के सज्जादानसीन अनवर रहमान जिलानी सफवी ने बाबा की चादर देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी शुजाउर रहमान सफवी शुजा, जिला पंचायत सदस्य दीबा सफवी, फैशल रहमान सफवी, जैद रहमान सफवी, जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कय्यूम खां, अन्नू महरोत्रा, जिब्रान सफवी, अजीम सफवी, अरबाब सफवी, अरमान सफवी, अनीसुद्दीन, एजाज पारा, इरशाद खां, तय्यब अली, अबुजर, मुन्ना खान, दिलशाद बेग, इकरार खान, हाशिम खान, विनय मिश्रा, दयाराम सिंह, माहे आलम, अय्यूब, चुनान, जावेद खान, साकिब अफसार, हनीफ कुरैसी, शादाब खान, शब्बीर अली शाह, पृथ्वी कुरील, करन स्वरूप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क

औरास, उन्नाव। लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार इस प्रकार कायम है कि क्या कहा जाए आपको बताते चलें की लोक निर्माण विभाग मानो अपनी आंखें पूरी तरह मूंद कर बैठा है आपको बताते चलेंकि पूरा मामला औरास रहीमाबाद रोड का है जो कि लगभग 11 से 12 किलोमीटर की लंबी सड़क है यह सड़क कुछ महीनों पूर्व ही लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई गई थी लेकिन क्या कहा जाए की सड़क बनने से पहले ही सड़क बेकार होनी शुरू हो गई इसका मुख्य कारण विभाग में फैला भ्रष्टाचार है स्थानीय लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग अपनी कार्यशैली से हमेशा ही सुर्खियों में रहता है वही संदीप कनौजिया (मोनू) महेंद्र पासी, सुरेंद्र कनौजिया, रोहित कुमार कनौजिया आदि लोगों ने बताया कि यदि रोड की दुरुस्तीकरण सही तरीके से नहीं होता है तो मामला उच्च अधिकारियों के चौखट पर लेकर पहुंचेंगे वहीं उक्त सड़क के संबंध में जब एक्ससीएन सुबोध कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द से जल्द उक्त औरास रहीमाबाद रोड की जांच कर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करवाई जाएगी।

### विद्युत करंट से किशोर की हुई मौत

औरास, उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला शांति नगर निवासी छोटू 16 पुत्र शुखवीर की करंट लगने से मौत हो गई जानकारी पर परिजन निजी वाहन से छोटू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर गए जहां डॉक्टरों ने छोटू को मृत घोषित कर दिया वही आस पास के लोगों में चर्चा रही की छोटू ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली हालांकि परिजनो ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# विद्युत पोल पर चढकर फाल्ट ठीक कर रहे प्राइवेट लाइन मैन की करंट से मौत




अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। विद्युत पोल पर तार जोड़ रहे प्राइवेट लाइन मैन की करंट लगने से नीचे गिरकर मौत हो गई है। मौत की सूचना से आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने मोहान बांगरमऊ में सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के घंटो के बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र कुरौली गांव निवासी कौशल 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामखेलावन 6 वर्षों से प्राइवेट तौर पर लाइनमैन का काम कर रहा था। बुधवार को हसनगंज कस्बे के डीके डायग्नोस्टिक सेंटर के पास विद्युत पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहा था। तभी अचानक करंट लग जाने के कारण नीचे गिर गया।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है मृतक दो भाई थे।जिसमे बड़ा भाई अन्नू लखनऊ में रहकर मजदूरी करता है।मृतक के एक लड़का अभय 13 वा एक लड़की अंशिका 6 वर्ष की है। पत्नी बिटाना का रो रो कर बुरा हाल है।कोतवाली राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि विधुत पोल से नीचे गिरकर युवक की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

### अक्रोशित परिजनों ने मोहान बांगरमऊ सड़क पर शव रखकर लगाया जाम

घटना से अक्रोशित परिजनों वा ग्रामीणों ने मोहान बांगरमऊ मऊ सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया है। पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है लेकिन परिजन अभी शांत नहीं हुए हैं।

# लोन नदी के पानी को टेनरियों ने बना दिया 'विषैला', मरने लगी मछलियां

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। मुख्यालय पाटन क्षेत्र में कभी जीवनदायिनी रही लोन नदी का पानी आज पीना तो दूर फसलों को सींचने लायक नहीं बचा है। टेनरियों के प्रदूषित पानी ने लोन नदी को विषैला बना दिया है। जिससे मरने लगी मछलियोंनदी के आसपास के गांवों का पानी दूषित हो गया है। खेतों की उत्पादन क्षमता घटने लगी है।

तहसील क्षेत्र से निकलने वाली लोन नदी का पानी अब ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है।वैसे तो यह नदी सदर, पुरवा और बीघापुर से गुजरती है लेकिन सदर तहसील क्षेत्र में संचालित टेनरियों का प्रदूषित पानी सीधे इस नदी में छोड़ा

जाता है।नदी के पानी से आती है बदबू लोन नदी का पानी किस हद तक विषैला हो गया है इसका अंदाजा उधर से गुजरने के दौरान पता चलता है। पानी में मछलियां मरने लगी है देखने में पानी काफी गंदा नजर आता है। उसमें लाल रंग की परत जमी है। दूर तक दुर्गंध आती है। इसी कारण नदी के निकट बसे गांवों के लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। नदी में प्रदूषित पानी छोड़े जाने का कई बार विरोध भी हुआ लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।दर्जनों गांवों का पानी हो गया है प्रदूषित चमियानी, अटवट, कटहर, गढ़ाकोला, सलेथू, भाटमऊ, अफसरी अढौली, जाजनपुर, बैजुवामऊ, मेडीलालखेड़ा व परसंडा समेत अन्य गांवों की करीब एक लाख आबादी प्रदूषित पानी पीने को मजबूर है।

# निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। कस्बे में संचालित औरास सेवा हास्पिटल में बीते बुधवार को निशुल्क ने शिविर का आयोजन मुक्तानंद सेवा समिति के द्वारा किया गया जिसमे डॉक्टर सुनील कुमार व राकेश भदौरिया ने ओपीडी में लगभग 25 मरीज देखे जिसमें 20 को दवाई आदि वितरित की गई वहीं लोगों को आंख में दिक्कत होने पर ऑपरेशन के मोहिनी आई अस्पताल रामादेवी कानपुर के लिए भेज दिया जहां मरीजों को लाने ले जाने के अलावा सभी आपरेशन व दवाइयां मुफ्त दी जायेंगी जिसमें डॉक्टर सुशील कुमार नेत्र सहायक राकेश भदौरिया ने कैंप में मरीजों को देखा।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर जनपद के मलवां विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत वाणी इंटरनेशनल अकेडमी अलीपुर में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में खो-खो कबड्डी दौड़ इत्यादि में बच्चों ने प्रतिभागिता निभाई प्रथम दिवस कार्यक्रम में बालिका वर्ग में 400 मीटर दौड़ लगाकर रिचा मौर्या ने प्रथम उर्वशी ने द्वितीय तथा भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में शिवांश ने प्रथम सौरभ ने द्वितीय तथा प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया 200 मीटर दौड़ में माही उत्तम ने प्रथम तथा हर्षिता पाल ने द्वितीय विद्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही कबड्डी खेल प्रतियोगिता बालिकाओं में ग्रीन हाउस ने प्रथम ब्लू हाउस ने द्वितीय तथा रेड क्रॉस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में ब्लू हाउस ने प्रथम रेड हाउस ने द्वितीय तथा येलो हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस मौके पर विद्यालय की संस्थापिका संतोष सिंह समाजसेवी राजू उमराव विद्यालय के संचालक धीरेंद्र प्रताप सिंह प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार रामशरण सिंह समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे

# टायर फटने से हुआ हादसा, बाल-बाल बचे चालक परिचालक

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे से मछली लेकर जयपुर से गोरखपुर जा रहा पिकअप पलट गया फिलहाल चालक व परिचालक को कोई चोट नहीं आई लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते जयपुर से गोरखपुर मछली लेकर जा रहा पिकअप औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचम खेड़ा गांव के आसपास पहुंचा ही था कि चालक अशोक पुत्र फूलदेव निवासी रायगंज थाना रायगंज बाजार जयपुर राजस्थान परिचालक अमीन पुत्र साविर निवासी थाना टोंक जिला ट्रांसपोर्ट नगर( राजस्थान) के पिकअप का टायर फट जाने से डाला अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें भरी मछलियां पूरी सड़क पर फैल गई पिकअप पलटने की सूचना पर यूपीडा व औरास थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिकअप को किनारे करा यातायात चालू कराया।

# विद्युत बिलों में लगे सरचार्ज में छूट का अन्तिम अवसर

अमन लेखनी सामाचार



ललितपुर। विद्युत वितरण मण्डल के अधीक्षण अभियन्ता संजय सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये अवगत कराया है कि उ.प्र. शासन द्वारा घरेलू, वाणिज्यिक, एल.एम.वी.-4वीं एवं औद्योगिक श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के माह अक्टूबर, 2023 तक बीजकों में लगे सरचार्ज एवं निजी नलकूप उपभोक्ताओं के माह 03, 2023 तक के बीजकों के विलम्बित भुगतान अधिभार में तीन चरणों में छूट प्रदान की गयी है। यह योजना 09 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक लागू है।

जिसको समाप्त होने में मात्र 10 दिन शेष हैं जनपद ललितपुर में विद्युत वितरण मण्डल के अन्तर्गत 125211 उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजनान्तर्गत पात्र है। जिन पर 189.22 करोड़ मूलधन बकाया है। उपरोक्त में अब तक मात्र 16616 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर योजना का लाभ प्राप्त किया गया है तथा इन उपभोक्ताओं द्वारा 8.31 करोड़ जमा किये गये हैं उपरोक्त के अतिरिक्त विद्युत चोरी के प्रकरणों एवं आर.सी. के प्रकरणों में छूट प्रदान की गयी। 16 से 31 दिसम्बर 2023 तक विद्युत चोरी के प्रकरणों में हुए राजस्व निर्धारण की धनराशि में 50 प्रतिशत धनराशि की छूट प्रदान की गयी है। अब तक विद्युत चोरी के 12000 प्रकरणों में से मात्र 248 लोगों द्वारा ही उपरोक्त योजना का लाभ प्राप्त कर 42.38 लाख की धनराशि जमा की गयी है। योजना केवल सीमित अवधि हेतु है तथा इसके समाप्त होने में मात्र 10 दिन ही शेष हैं तथा योजना की अवधि किसी भी दशा में विस्तारित बढ़ायी नहीं जायेगी उन्होंने सभी बकायेदार उपभोक्ताओं से आह्वान किया है कि उक्त अवधि में इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराते हुए अपने बकाये विद्युत बिल की धनराशि को जमा करायें एवं निकट भविष्य में विद्युत विच्छेदन, आर.सी. आदि असुविधाओं से बचें।

# संत गाडगे का मनाया गया परिनिर्वाण दिवस

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। कस्बे के अंबेडकर पार्क में उनके अनुयायियों द्वारा उनका परिनिर्वाण दिवस मनाया गया यहीं स्थानीय लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए महान कर्मयोगी राष्ट्रसंत संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि 20 दिसंबर को मनाई जा रही है। उनका जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव अंजनगांव में 23 फरवरी 1876 को हुआ था। उनका बचपन का नाम डेबूजी झिंगराजी जानोरकर था। संत गाडगे सच्चे निष्काम कर्मयोगी थे। उन्होंने महाराष्ट्र के कोने-कोने में अनेक धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय तथा छात्रावासों का निर्माण कराया। यह सब उन्होंने भीख मांग-मांगकर बनावाया किंतु अपने सारे जीवन में इस महापुरुष ने अपने लिए एक कुटिया तक नहीं बनवाई। उन्होंने धर्मशालाओं के बरामदे या आसपास के किसी वृक्ष के नीचे ही अपनी सारी जिंदगी बिता दी। संत गाडगे बाबा के पास एक लकड़ी, फटी-पुरानी चादर और मिट्टी का एक बर्तन जो खाने-पीने और कीर्तन के समय ढपली का काम करता था, यही उनकी संपत्ति थी। इसी से उन्हें महाराष्ट्र के भिन्न-भिन्न भागों में कहीं मिट्टी के बर्तन वाले गाडगे बाबा व कहीं चीथड़े-गोदड़े वाले बाबा के नाम से पुकारा जाता था। उनका वास्तविक नाम आज तक किसी को ज्ञात नहीं है। यद्यपि बाबा अनपढ़ थे, किंतु बड़े बुद्धिवादी थे। पिता की मौत हो जाने से उन्हें बचपन से अपने नाना के यहां रहना पड़ा था। वहां उन्हें गायें चराने और खेती का काम करना पड़ा था। सन? 1905 से 1917 तक वे अज्ञातवास पर रहे। इसी बीच उन्होंने जीवन को बहुत नजदीक से देखा। अंधविश्वासों, बाह्य आडंबरों, रूढ़ियों तथा सामाजिक कुरीतियों एवं दुर्व्यसनों से समाज को कितनी भयंकर हानि हो सकती है, इसका उन्हें भलीभांति अनुभव हुआ। इसी कारण इनका उन्होंने घोर विरोध किया।संत गाडगे हमेशा अपने जीवन के एकमात्र ध्येय पर अटल रहे और वो था 'लोक सेवा'। दीन-दुखियों तथा उपेक्षितों की सेवा को ही वे ईश्वर भक्ति मानते थे। धार्मिक आडंबरों का उन्होंने प्रखर विरोध किया। उनका विश्वास था कि ईश्वर न तो तीर्थस्थानों में है और न मंदिरों में व न मूर्तियों में। दरिद्र नारायण के रूप में ईश्वर मानव समाज में विद्यमान है। मनुष्य को चाहिए कि वह इस भगवान को पहचाने और उसकी तन-मन-धन से सेवा करें। भूखों को भोजन, प्यासे को पानी, नंगे को वस्त्र, अनपढ़ को शिक्षा, बेकार को काम, निराश को ढाढस और मूक जीवों को अभय प्रदान करना ही भगवान की सच्ची सेवा है। वे कहा करते थे कि तीर्थों में पंडे, पुजारी सब भ्रष्टाचारी रहते हैं। धर्म के नाम पर होने वाली पशुबलि के भी वे विरोधी थे। यही नहीं, नशाखोरी, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों तथा मजदूरों व किसानों के शोषण के भी वे प्रबल विरोधी थेसंत गाडगे बाबा ने तीर्थस्थानों पर कईं बड़ी-बड़ी धर्मशालाएं इसीलिए स्थापित की थीं ताकि गरीब यात्रियों को वहां मुफ्त में ठहरने का स्थान मिल सके। नासिक में बनी उनकी विशाल धर्मशाला में सैकड़ों यात्री एकसाथ ठहर सकते हैं। वहां यात्रियों को सिगड़ी, बर्तन आदि भी निःशुल्क देने की व्यवस्था है। सन 2000-01 में महाराष्ट्र सरकार ने 'संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान' की शुरूआत की, जिसके अंतर्गत जो लोग अपने गांवों को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखते है उन्हें यह पुरस्कार दिया जाता है। संत गाडगे बाबा ने बुद्ध की तरह ही अपना घर परिवार छोड़कर मानव कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वही इस मौके पर रोहित कुमार कनौजिया, राहुल गच्छामी, आनंद कुमार गौतम के अलावा उनके अनेकों अनुयायी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्यमंत्री ने बताई सरकार की उपलब्धियां

### गांव गांव भ्रमण कर रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

अमन लेखनी सामाचार




ललितपुर पाली। केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पाली कस्बा एंव ग्रामीणों को जागरूक कराने के उदेश्य से सरकार गांव गांव विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। बुधवार को विकसित संकल्प भारत यात्रा नगर पंचायत पाली पहुंची जहां नगर के लोगों को सरकार की योजनाओं से जागरूक किया गया भारत संकल्प यात्रा में बोलते हुए राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि गरीब परिवारों को आवास व शौचालय अन्य योजना अन्तर्गत फ्री राशन, उज्जवला योजना द्वारा फ्री गैस व चूल्हा, आयुष्मान कार्ड, सोभाग्य योजना में विद्युत संयोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर तमाम योजनाओं से सरकार हर गरीब परिवार को लांभावित कर रही है नगर के विकास के लिए नगर पंचायतों के अधिकार बढाए गए उपजिलाधिकारी अधिशाषी अधिकारी मनीष कुमार ने नगर पंचायत के माध्यम से नगर में कराए जा रहे विकास कार्यो की जानकारी देते हुए नगर के लोगों को सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी दी नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में नगर के सभी लोगों को लाभ लेना चाहिए पहले की सरकारों में योजनाओं की कमी रहती थी पर भाजपा सरकार में लाभार्थियों की कमी दिखाई देती है। इस मौके पर महरौनी विधानसभा से विधायक एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, निहाल चंद अधिशाषी अधिकारी, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी, पुनीत चौरसिया, सुनील नामदेव, नरेंद्र ताम्रकार, आशीष चौरसिया, ब्रजेश राजपूत, सोनू, अभिलाषा राय, नगर पंचायत सभासद सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय का गिरा प्लास्टर, टला हादसा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत दुगार्गंज उच्च प्राथमिक विद्यालय में उस समय बड़ा हादसा टल गया जब बच्चो के कमरों में से एक कमरे का प्लास्टर टूट कर नीचे गिर गया।गनीमत थी कि हादसे के दौरान बच्चे बाहर प्रार्थना कर रहे थे। इस विद्यालय में कुल 101 बच्चे अध्ययनरत है जबकि जिस कमरे में यह हादसा हुआ वह कक्षा 8 का कमरा है जिसमे कुल 31 बच्चे पढ़ते है। हादसे के बाद से बच्चो में दहशत है। प्लास्टर के बड़े बड़े टुकड़े बच्चो की मेजो व फर्श पर गिरे जबकि कमरे



की छत में सरियो का जाल दिखने लगा है। विद्यालय के इंचार्ज कंचन मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के जर्जर भवन की सूचना पूर्व में भी उच्च अधिकारियों को दी गयी है। लेकिन किसी अधिकारी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# शहीद चंद्र शेखर आजाद की पुण्य तिथि को लेकर की गई बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शहीद वतन चंद्र शेखर आजाद के 118 वे जन्म दिवस पर ग्राम बदरका में 6 7 एवं 8 जनवरी को आयोजित किए जाने वाले समारोह व शहीद मेले की तैयारियों को लेकर कलेकट्रेट स्थित पन्ना लाल सभागार में भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला की मौजूदगी व अपर जिला अधिकारी न्यायिक विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में मेला आयोजक समिति की बैठक की गई बैठक में बताया गया कि तीन दिवसीय शहीद मेले चंद्र शेखर आजाद के विरोचित त्याग व बलिदान के अनुरूप सजाने संवारने के लिए ग्राम बदरका में जनपद स्तरीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन कर आजाद के जीवन चरित्र तथा केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जन मानस लाभान्वित किया जायेगा इस दौरान ऋण शिविर दिवांग शिविर सेवायोजन उद्यान कृषि चिकित्सा पशु पालन एन आर एल एम जल जीवन मिशन सोलर लाइट जैविक खेती एफपीओ उत्पाद श्रम कल्याण आदि के स्टाल लगाए जायेंगे बैठक में क्षेत्रीय विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वंत्रता संग्राम के पुरोधा नरपुंगव शहीदे वतन आजाद जी के जन्म दिवस समारोह को पूरी गरिमा भव्यता व उत्साह के साथ मनाया जाए इस संबंध में समस्त मौजुद अधिकारियों को निर्देशित किया गया की अपने अपने विभागों की प्रदर्शनी लगाकर जन सामान्य को लाभान्वित करे जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए की बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चो को आजाद के जीवन वृत्त पर आधारित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओ का अयोजन कराए ताकि बच्चो में देश प्रेम की भावना का संचार हो सके जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार को निर्देश दिए गए की मेले में आजाद के जीवन वृत्त पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आल्हा गायन कठ पुतली नृत्य लोक गीत एवं चलचित्र प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम कराए ताकि आम जन मानस भारतीय लोक संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों से परिचित हो सके बैठक में शहीद चंद्र शेखर आजाद स्मारक ट्रस्ट समिति के महामंत्री राजेश शुक्ला अशोक बाजपेई धनवंतरी देव शुक्ला जय प्रकाश मिश्र आदि सदस्यगण एवं डी डी ओ संजय पांडे कमलेश कुमार बीएसए संगीता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

चिंतन

## सोशल मीडिया की 'लत' से बिगड़ रहा मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज अधिकांश लोगों के जीवन का अहम हिस्सा है। भारतीय औसतन ढाई घंटे प्रतिदिन सोशल मीडिया पर अपना वक्त बिताते हैं। देश में करीब 47 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया का यूज करते हैं। देश में प्रति सेकेंड 6.9 नए यूजर जुड़ रहे हैं, इस हिसाब से सालाना 4.5 फीसदी यूजर बढ़ रहे हैं। इन आंकड़ों से सोशल मीडिया का महत्व समझा जा सकता है। न्यूज, एंटरटेनमेंट से लेकर व्यूज और नॉलेज तक सब कुछ सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। इसके फायदे बहुत हैं, आसान पहुंच है, तेजी से प्रसार है, किफायती है, कोई बैरियर नहीं है, रेडिमेड तकनीक है, हर कोई अपना विचार प्रकट कर सकता है, यूजर फ्रेंडली है, निरक्षर भी इसका प्रयोग कर सकता है। अभिव्यक्ति का सबसे सुलभ प्लेटफॉर्म है। दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का साधन है और इसने विश्व में संचार को नया आयाम दिया है। यह व्यवसाय में सहायक है। इस पर नए रोजगार भी पैदा हुए हैं। जागरूकता फैलाने का बढ़िया प्लेटफॉर्म है और सूचना के प्रसार का भी तेज तंत्र है और इसलिए लोग इस पर निर्भर होकर इसके आदी होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अधिक वक्त बिताने के चलते मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। जर्मनी में रुर यूनिवर्सिटी, बोचम और जर्मन सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ के अनुसंधानकर्ताओं ने सोशल मीडिया एडिक्शन का मानसिक स्वास्थ्य पर असर पर अपने एक अध्ययन में कहा है कि दिमाग को दुरुस्त रखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहें या कम वक्त बिताएं। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग 30 मिनट तक कम करके मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के साथ ही काम के प्रति संतुष्टि की भावना में सुधार लाने में मदद मिलती है, जबकि इसका लगातार उपयोग करने वाले लोगों को अपने काम पर ध्यान लगाने में मुश्किल होती है। सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करने से उपयोगकर्ताओं को काम का दबाव कम महसूस होता है और उनमें बेचैनी या घबराहट भी कम होती है। सोशल मीडिया से दूरी बनाने से ध्यान भटकने की समस्या भी कम होती है। देखा गया है कि लोग बिना किसी काम के सोशल मीडिया पर आधे घंटे से एक घंटे का वक्त बर्बाद करते हैं। सोशल मीडिया की लत लगने से इसके फायदे से अधिक नुकसान होने लगता है। इससे पहले भी कई शोध में पाया गया है कि सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और डिप्रेशन की ओर ले जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य तरह की धोखाधड़ी के शिकार भी लोग बनने लगते हैं। सोशल मीडिया पर गोपनीयता की कमी होती है। निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है। साइबर अपराधों जैसे- हैकिंग और फिशिंग आदि का खतरा भी बढ़ जाता है। फ्रॉड ऐसे सोशल मीडिया यूजर की तलाश करते हैं जिन्हें आसानी से फंसाया जा सकता है। सोशल मीडिया साइबर-बुलिंग को बढ़ावा देता है। यह फेक न्यूज़ और हेट स्पीच फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाओं का प्रसार कुछ प्रमुख उभरते जोखिमों में से एक है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर रहा है। इसलिए हमें सोशल मीडिया के कम से कम प्रयोग की आदत बनानी चाहिए और जितना संभव हो इससे दूर रहना चाहिए।

# उम्मीदों और चुनौतियों के बीच नई सरकार



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा जताते हुए सत्ता की कमान विष्णुदेव साय के हाथों सौंप दी है। 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे' की गारंटी देने वाले भाजपा के हाथों अब तीन करोड़ से ज्यादा आबादी वाले राज्य की दशा और दिशा तय करने की जवाबदेही होगी। अलबत्ता हालिया विधानसभा चुनाव के परिणाम कई मायनों में बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। मसलन इस चुनाव में देश के राजनीतिज्ञों, राजनीतिक विश्लेषकों और पत्रकारों के तमाम कयासों को झुठलाते हुए किसानों, मजदूरों,महिलाओं और युवाओं सहित आदिवासियों ने भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान किया जिसकी उम्मीद कांग्रेस सहित भाजपा को भी नहीं थी। परिणाम के बाद दूसरा चौंकाने वाला फैसला भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव में परिलक्षित हुआ जिसमें पार्टी हाईकमान ने अनेक वरिष्ठों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी अभी पार्टी के वरिष्ठ और प्रतिबद्ध आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के हाथों सौंप दी। भाजपा ने ऐसा ही फैसला मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी किया जिसने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ ही बतौर उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा की ताजपोशी की गई है।

प्रदेश में ओबीसी समुदायों में सबसे मजबूत संगठन वाले साहू समाज से ताल्लुक रखने वाले अरूण साव जहां आरएसएस की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उपज हैं वहीं ब्राह्मण समाज के विजय शर्मा की पहचान फायरब्रांड हिंदू नेता की है जिन्होंने भूपेश बघेल सरकार के कद्दावर मंत्री मो.अकबर को चुनाव में पटखनी दी है। बहरहाल हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में पार्टी द्वारा तय मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के नामों पर नजर डालें तो भाजपा ने जातिगत समीकरण का एक नया मॉडल पेश किया है जिसमें सबको साधने की कोशिश की गई है। भाजपा ने अब तक राजनीतिक छलावे का शिकार होते रहे आदिवासियों के हाथों सत्ता सौंप कर कथनी और करनी के भेद को मिटा दिया है। शीर्ष पदों पर पार्टी के पसंद पर नजर डालें तो इसमें आदिवासी, दलित सहित ओबीसी के साथ राजनीतिक तौर पर अछूत समझे जाने वाले ब्राह्मण वर्ग को भी साधने का प्रयास किया गया है।अलबत्ता चुनाव परिणामों और भाजपा के फैसले ने कांग्रेस की अगुवाई वाले 'इंडिया गठबंधन' के मंडल -2 सियासत की हवा निकाल दी। गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस चुनाव में जाति जनगणना को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया था लेकिन ओबीसी समुदाय पर इस मुद्दे का कम ही असर पड़ा।

भाजपा के घोषणा पत्र पर गौर करें तो यह किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं में काफी उम्मीद जगाता है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो चुनाव में भाजपा के पक्ष में बाजी पलटने में प्रमुख भूमिका किसानों, महिलाओं और युवाओं की रही है। भाजपा के घोषणा पत्र पर गौर करें तो इसमें किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए की दर पर खरीदने व एकमुश्त भुगतान और दो साल के बकाया धान के बोनस का एकमुश्त भुगतान के वादे से किसान काफी आशान्वित हैं। इसी प्रकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस, भूमिहीन कृषि मजदूरों को हर साल 10 हजार आर्थिक सहायता तथा 18 लाख प्रधानमंत्री आवास जैसे वादे गरीबों को राहत पहुंचाएंगे।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है लिहाजा भाजपा ने इस निर्णायक वोट बैंक की गारंटी हासिल करने के लिए जहां महतारी वंदन योजना के तहत हर विवाहित महिला को हर साल 12,000 रुपए तथा 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। अलबत्ता चुनाव परिणाम के लिहाज से महिलाओं, किसानों और मजदूरों द्वारा कुछ रुपयों के रेवड़ी के बदले वोट करने संबंधी राय कायम करना उचित नहीं होगा क्योंकि मतदाताओं ने पार्टी के नीतियों, पिछली सरकार के परफार्मेंस और प्रत्याशियों के छबि को भी परख कर वोट किया है।

राज्य में 18 से 25 साल के युवा मतदाताओं की अच्छी खासी तादाद है और सभी राजनीतिक दल युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए चुनाव से पहले ही तमाम जतन कर रहे थे। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जहां एक लाख खाली पदों पर अगले दो साल में भर्ती और उद्योग लगाने के लिए कर्ज में 50 फीसदी सब्सिडी देने की गारंटी दी है। बिनाशक किसी भी सरकार के लिए सभी युवाओं को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है लिहाजा छत्तीसगढ़ में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कर्ज पर पचास फीसदी सब्सिडी जैसे वादे उत्साहजनक है बशर्ते इस योजना के क्रियान्वयन में लालफीताशाही रोड़ा न बने। राज्य के युवा भर्ती परीक्षाओं में व्याप्त भाई -भतीजावाद, लेटलतीफी और घोटालों से आक्रोशित रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान कथित पीएससी घोटाले ने मेहनती और प्रतिभावान युवाओं को काफी हताश किया था उनके इस हताशा और आक्रोश को भाजपा ने चुनाव में जमकर भुनाया भी है।

छत्तीसगढ़ की जनता नई सरकार से भ्रष्टाचार मुक्त और संवेदनशील प्रशासन की अपेक्षा रखती है वहीं राज्य में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को सुधारना भी अहम चुनौती है। प्रदेश में नक्सलवाद की समस्या अभी भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है, इस चुनाव के दौरान अनेक भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौत नक्सली हिंसा में हुई है।

राज्य में बढ़ती शराबखोरी एक प्रमुख सामाजिक बुराई है जिसमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं वहीं अपराध के मामलों में भी इजाफा हो रहा है। शराबखोरी और सट्टेबाजी के नाम पर भाजपा पिछली कांग्रेस सरकार को लगातार घेरती रही है लिहाजा नए सरकार के लिए बढ़ती नशाखोरी, सट्टेबाजी और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना हिमालयी चुनौती होगी। उल्लेखनीय है कि सरकार के योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन सरकारी अमले के ही जिम्मे होता है और चुनावों में सत्ता के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर का एक प्रमुख कारण सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली ही होती है। प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को भी नए निज़ाम से काफी अपेक्षाएं हैं पिछले सरकार के दौरान कर्मचारियों के अनेक आंदोलनों को भाजपा नेताओं ने खुलकर समर्थन दिया था लिहाजा इन कर्मचारी संगठनों को उनके मांगों और समस्याओं के निराकरण की उम्मीद जगी है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेती करने वालों के अलावा बागवानी, साग-सब्जी उत्पादन और डेयरी व मत्स्य पालन जैसे कृषि सहायक व्यवसाय से भी जुड़े लोगों को भी उम्मीद है कि उनके भी अच्छे दिन आएंगे।

बहरहाल ' सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ' ध्येय वाक्य के साथ विष्णुदेव सरकार ने अपने पहली कैबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर ली है। कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के लंबित निर्माण को पूरा करने की स्वीकृति दे दी गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आगामी 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की जन्मदिन 'सुशासन दिवस' अवसर पर किसानों को 2 साल के बकाया बोनस भुगतान करने की घोषणा किया है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाली भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती वादों को पूरा करने के लिए आर्थिक संसाधन जुटाने की होगी। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ना अवश्यंभावी है। सरकार को गारंटी को पूरा करने के लिए या तो वित्तीय संस्थाओं से कर्ज लेना पड़ेगा अथवा आम आदमी के टैक्स में बढ़ोतरी करना होगा या विकास योजनाओं पर कैंची चलाना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ सरकार पर 89 हजार करोड़ का कर्ज है जिस पर सालाना 6 हजार करोड़ रुपए बतौर ब्याज अदा करना पड़ रहा है। अर्थ जगत से जुड़े लोगों की मानें तो चुनावी घोषणाओं को पूरा करने के लिए सरकार को लगभग 65 से 70 हजार करोड़ रुपयों की दरकार होगी। संकल्प पत्र के घोषणा के मुताबिक धान खरीदी में 45 हजार करोड़ रुपए व्यय होगा। इसी प्रकार किसानों के बकाया बोनस भुगतान में 5000 करोड़ रुपए, भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के लिए 570 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार को अपने बजट का एक तिहाई हिस्सा चुनावी वादों को पूरा करने में खर्च करना होगा जिसका असर सरकारी खजाने के साथ ही विकास योजनाओं पर भी पड़ सकता है। गौरतलब है कि इस चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा विकास भी था। अब देखना यह होगा कि सरकार और नीति नियंता इसके लिए कौन सा रास्ता अख्तियार करते हैं? बहरहाल नये सरकार से पूरे प्रदेशवासियों को काफी उम्मीदें हैं लेकिन सरकार के सामने इन उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौतियां भी हैं। बहरहाल यह कहा जा सकता है कि सरकार की राह पथरीली जरूर है लेकिन दुश्वार नहीं।

बदलाव
गीता यादव



## श्मशान में पुरुषवादी रूढ़ियों को तोड़ती बेटियां

महिलाएं अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार नहीं कर सकतीं, इसके पीछे कई तर्क हैं। एक तर्क यह भी है कि उनका तन-मन कोमल और कमजोर है। अंत्येष्टि की क्रियाओं का मन पर बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी काम को पूर्ण करने के लिए संवेदनाओं का होना जरूरी है। करीब 22 साल पुरानी घटना है। वृंदावन में अमारबाड़ी आश्रम है। यहां की एक विधवा सप्तदल ने होली के दिन प्राण त्यागे। चौकीदार त्योहार मनाने गया था। आश्रम की 60 से 105 साल तक की 65 विधवाओं के बीच एक भी मर्द मौजूद नहीं था। 105 साल की लखीदासी ने कहा कि रोना-धोना छोड़ो,चौकीदार कब लौटेगा क्या भरोसा। आगे की सोचो। मौके की नजाकत देखते हुए चंद अपाहिज, लाचार बूढ़ियां आश्रम से निकलकर द्वार-द्वार की याचिका बन गईं। किसी ने दरवाजा खोला, किसी ने अंदर से घुड़क दिया। एक द्वार पर लड़की गीता ने द्वार खोला। उसके पिता ने मृतका की जाति पूछी। चुप्पी पर बोला, जात नहीं पता तो दूसरा दरवाजा देखो माई, यह कुलीन ब्राह्मण का घर है। अज्ञात कुल-गोत्र की विधवा के दाह-संस्कार की याचना को सभी वर्णों ने बड़ी निर्ममता से नकार दिया था। गीता का मन संवेदना से भर गया। उसने अपने भाई से मदद मांगी, उसने मना कर दिया। गीता इंटर की छात्रा थी। उसने पड़ोस में रहने वाली दो सहेलियों अनसूया और दीपा को तैयार किया। मां से बहाना बनाकर कुछ पैसे लिए और तीनों आश्रम की ओर चल पड़ीं। तीन किशोरियां और शेष बूढ़ियां। काम भी ऐसा, जिसे करने की कल्पना तक नहीं की थी। अनाड़ी हाथों से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। तीनों किशोरियों के साथ शव को चौथा कंधा दिया लखीदासी ने। झुकी कमर और निस्तेज नजर वाली वे दीन-हीन विधवाएं पीछे चल पड़ीं। श्मशान दूर था। हर दस कदम बाद कंधे बदलने पड़े पर हौसला नहीं टूटा। यह सिर्फ शवयात्रा नहीं थी, अल्ट्रासाउंड के बाद मादा भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट करा देने की साजिश से लेकर औरत को चिता पर यह अंगारे न दे सकने की पुरुष वर्ग की खुदगर्जी और संवेदनहीनता के खिलाफ स्त्रियों का एकजुट जातीय प्रदर्शन था। उन सभी को उस वक्त ऐसा ही लगा था। लड़कियों ने शवदाह के लिए लकड़ियां खरीदीं, सबने चिता सजाई। लखीदासी ने मुखाग्नि दी। वह दोनों हाथ जोड़ चीख पड़ी, सप्तदल तेरी सौगंध आज से कोई औरत अंतिम संस्कार के लिए किसी मर्द की मोहताज नहीं होगी। बड़े आदमी जो काम नहीं कर पाए, वो बच्चियों ने कर दिखाया। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया, क्योंकि उनमें संवेदनाएं थीं। इनकी बदौलत हर काम संभव है, क्या नारी और क्या पुरुष। किसी भी इंसान के जीवन-मरण संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लेख 18 पुराणों में से एक गरुड़ पुराण में मिलता है। यह एक प्राचीन हिंदू शास्त्र है, जो वेदों की परंपरा का ही हिस्सा है। हालांकि इस ग्रंथ में महिलाओं और दाह संस्कार जैसी किसी व्यवस्था का जिक्र नहीं है। महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार न किए जाने के पीछे तर्क यह दिया जाता है कि श्मशान घाट पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा फैली होती है। यह उनके शरीर में प्रवेश कर सकती है। अंतिम संस्कार के दौरान शव के कपाल को तोड़ा जाता है, इसके लिए मजबूत शरीर और मन चाहिए। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों को बाल कटवाने पड़ते हैं और शव के जलते समय वातावरण में कीटाणु फैल जाते हैं। यह शरीर के कोमल हिस्सों में चिपक जाते हैं, इसलिए बाल कटवाने के बाद स्नान किया जाता है। महिलाओं के मुंडन को शुभ नहीं माना जाता। प्रख्यात ज्योतिषी पंडित प्रवीण उपाध्याय के मुताबिक, महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार किया जाना पूरी तरह उचित है। किसी के मोक्ष प्राप्ति में भागीदार बनना पुण्य का काम है। अगर किसी के परिवार में पुरुष नहीं है तो महिलाएं अंतिम संस्कार कर सकती हैं। महिलाओं को मुंडन करवाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि शंकराचार्य और धर्म शास्त्र इस प्रक्रिया को शास्त्र के अनुरूप नहीं मानते। बीते डेढ़ दशकों में इस व्यवस्था को चुनौती देने, व्यावहारिक बनाने वाले दर्जनों उदाहरण इसी परंपरागत व्यवस्था में सामने आए हैं।

## क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।' *-स्वामी चिदानन्द गिरि*

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

अंतर्मन




आज की पाती

### नए चेहरों को सीएम बनाने के मायने

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को लेकर जो समय लिया और इसमें उन नामों को शामिल किया जिनका जिक्र मीडिया में नाममात्र का रहा, यह भाजपा के लिए नया काम नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ समय पहले वर्ष 2017 में उस समय भी हुआ था जब हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रेम कुमार धूमल हार गए थे। तब भाजपा मुख्यमंत्री पद के लिए जयराम ठाकुर को सामने लाई थी, जबकि वह हिमाचल के लिए भाजपा का कोई खास चेहरा नहीं थे। मुख्यमंत्री चाहे कोई भी और किसी भी पार्टा का क्यों न हो, उसकी डोर तो पार्टी हाईकमान के पास ही होती है। इन तीन राज्यों में मुख्यमंत्री के नए चेहरे हैं, लेकिन काम तो वे पार्टी के विचार-विमर्श से ही करेंगे।

*- संतोष साहू, बलौदाबाजार*

ट्रेंड

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, काशी तमिल संगमम भारत की सभ्यतागत एकता के उत्सव में बदल गया। इसने काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को खोजा, लोगों के बीच दूरियां कम कीं। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाया।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे



जब कांग्रेस के रिपब्लिकन अमीर और बड़े निगमों के लिए लड़ते हैं, मेहनती परिवारों को कीमत चुकाने के लिए छोड़ देते हैं, मैं लागत कम करने और एक मजबूत मध्यम वर्ग के साथ हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लड़ता रहूंगा।
-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### बेरोज़गारी सबसे बड़ा मुद्दा



नौकरियां कहां हैं? युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण है देश का सबसे बड़ा मुद्दा -बेरोज़गारी!
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक



भारत ने अपना स्वदेशी, स्टील्थ, स्वायत्त फ्लाइंग विंग शिल्प विकसित किया है। बहुत बढ़िया। रक्षा का भविष्य मानवरहित वाहनों में है और इससे पता चलता है कि हम पीछे नहीं रहने वाले हैं। और क्या खूबसूरती है. उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक भी है!
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

करंट अफेयर

## राम मंदिर के जश्न में अमेरिका में कार रैली

हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में शनिवार को कार रैली का आयोजन किया। आयोजकों ने बताया कि शनिवार दोपहर समुदाय के लोग 'फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड' के पास 'अयोध्या वे' में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में एकत्र हुए और इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा, 'हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है



ऑफ बीट

## स्टेम कोशिका विज्ञान हमारे प्रजनन को बदल सकता है

'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' (आईवीजी) नामक तकनीक का उपयोग करके मानव त्वचा कोशिकाओं का अंडाणु और शुक्राणु बनाने में सक्षम होना जल्द ही संभव हो सकता है। इसमें मानव शरीर के बाहर (इन विट्रो) अंडाणु और शुक्राणु की उत्पत्ति शामिल है। आईवीजी एक ऐसी तकनीक है जिससे डॉक्टरों को आपके शरीर से ली गयी किसी भी कोशिका से प्रजनन कोशिकाएं बनाने में मदद मिलेगी। इससे समलैंगिक जोड़ों को बच्चा पैदा करने में मदद मिल सकती है। सैद्धांतिक रूप से एक पुरुष की त्वचा कोशिका को अंडाणु और एक महिला की त्वचा कोशिका को एक शुक्राणु में बदला जा सकता है।



## संक्षेप

### शिक्षक संकुल की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालयों को निपुण विद्यालय के रूप में स्थापित करने हेतु प्रत्येक माह मासिक शिक्षक संकुल बैठक आयोजित की जाती है।दिसंबर माह की न्यायपंचायत जमुनहा बाबागंज की मासिक शिक्षक संकुल बैठक एआरपी निर्मल शुक्ला की अध्यक्षता में कम्पोजिट विद्यालय हकीमगांव में सम्पन्न हुई। बैठक में कम्पोजिट विद्यालय हकीमगांव के प्रधानाध्यापक अजय मिश्रा के सहयोग से विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय को शिक्षण अधिगम सामग्री( प्रिंट रिच सामग्री )से सजाया गया था।जो अत्यंत आकर्षक था।बैठक में एआरपी श्री शुक्ला व करुणा कृष्ण श्रीवास्तव द्वारा विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं तथा पुस्तकालय, कार्ययोजना,कार्यपुस्तिकाओं पर कार्य,निपुण लक्ष्य एप के प्रयोग व नियमित आकलन आदि पर विस्तृत चर्चा व सुझाव दिए गए। शिक्षक सर्वेश पाठक सहित समय शिक्षकों ने शिक्षक डायरी, टीएलएम, शिक्षण योजना पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिक्षक गीता देवी, अरविन्द कौल, वैभव सिंह विसेन, विवेकानंद पाठक, नवनीत प्रेमी, अखिलेश वैश्य, रजनीश दुबे,, अब्दुल कदीर, राजू चौहान सहित सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षा मित्र उपस्थिति रहे।

### टूरिस्ट बस ने बाइक सवार युवक को मारी ठोकर

**हालत गंभीर, बहराइच रेफर**

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर/कैसरगंज, बहराइच। फखरपुर क्षेत्र के लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित फखरपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र के सामने टूरिस्ट बस ने एक बाइक सवार युवक को ठोकर मार दिया जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टरों ने हालत गंभीर देख बहराइच रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के विज्जौवा निवासी नूर मोहम्मद पुत्र 25 वर्ष कमरुद्दीन बहराइच की तरफ जा रहे थे बहराइच से आ रही एक टूरिस्ट बस ने ठोकर मार दिया जिससे नूर मोहम्मद गंभीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने थानाध्यक्ष को फोन पर जानकारी दी। वह तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया हालत गंभीर देख कर बहराइच रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की बाइक मे मिले कागजात से जानकारी कर परिवार को सूचना दिया गया है। मौके पर पहुंचे परिजनों घायल युवक को जिला अस्पताल लेकर चले गए हैं।

# आवश्यक निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने किया गौ पूजन

**काऊ कोट पहनाकर गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए जिलाधिकारी का सार्थक प्रयास**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती ने जनपद के भिटौरा विकासखंड अंतर्गत रारा में बनी गौशाला का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गौशाला में जिलाधिकारी ने पानी पशु आहार हरा चारा दाना भूसा इत्यादि का बारीकी से निरीक्षण किया गौशाला अंतर्गत मौजूद गोवंशों का पुष्पमाला के साथ तिलक चंदन से जिलाधिकारी ने पूजन कार्यक्रम संपन्न किया वहीं गोवंशों को फल केला गुड इत्यादि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा बनाए गए को कोट गौशाला में मौजूद लगभग 550 गोवंशों को प्रदान किए गए गौशाला अंतर्गत 570 गोवंश मौजूद मिले मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर गोवंशों के स्वास्थ्य के विषय में विशेष देखरेख की जाए वही गौशाला संचालक को हरे चारे इत्यादि की बुवाई के लिए निर्देशित किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ तहसीलदार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खंड विकास अधिकारी भिटौरा प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी तथा ग्राम प्रधान समेत गौशाला के कर्मचारी गण मौजूद रहे

# ग्राम प्रधान ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

## सर्द मौसम मे मिला 750 लोगों को उपहार, चेहरे पर आई मुस्कान

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। फखरपुर ग्राम पंचायत सौगाहना के ग्राम प्रधान मोहम्मद वसीम द्वारा किया गया सरहानीय कार्य।सर्द हुआ मौसम और बढ़ने लगी ठंड। ठंड को देखते हुए प्रधान वसीम ने एक नई सोच के साथ फैसला लिया की ग्राम पंचायत के हर जरूरतमंद परिवार तक ठंडी से बचने के लिए गर्म कपड़े बच्चों के लिए व बुजुर्गों के लिए जैकेट तथा कंबल ठंड से पहले अगर हर जरूरतमंद तक यह सुविधा पहुंच जाती है तो उन परिवारों की एक चिंता कम हो जाएगी। और बाजार में खरीदारी करने से पहले उन तक यह सुविधा पहुंचाई जाए ताकि इन परिवारों को कोई समस्या ना हो। जिस पर प्रधान वसीम द्वारा अपने बेटे आसिफ मोहम्मद तौफीक प्रधान प्रतिनिधि से समय पर गांव के लोगों को चिन्हित करवाया।जिसका आज अपने आवास पर अपने बेटों के हाथ से वितरण करवाया जिसमें 250 लोगों को जैकेट, 250 बच्चों को गर्म कपड़े और स्वेटर तथा 250 जरूरत मंद लोगों को कंबल वितरण किया गया।इस मौके पर मौजूद लोगों के चेहरे पर एक मुस्कान देखने को मिली और लोगों में इस सरहानीय कार्य की चर्चा भी होने लगी। इस दौरान अज्जन अली, फखरुद्दीन, एकलाख, सरफुद्दीन ठेकेदार, जब्बार, मोहम्मद शमीम, पप्पू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चालकों एवं परिचालकों के लिए आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**प्रवर्तन की कार्यवाही में 108 वाहनों का हुआ चालान**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद में 15 से 31 दिसम्बर 2023 तक संचालित द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत भिनगा प्राइवेट बस स्टैण्ड पर संचालित चालक/परिचालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर के दौरान 56 चालक/ परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के पालन किये जाने हेतु शपथ दिलाई गयी। श्री सिंह ने बताया कि विभागीय प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विभिन्न मार्गों पर संचालित किये गये चेकिंग अभियान के दौरान रांग साईड ड्राइव के लिए 40 वाहनों, का रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने के 12 ट्रैक्टर ट्राला, बिना हेलमेट के राइडिंग व सीटबेल्ट के बगैर चार पहिया वाहन चलाने पर 56 वाहनों का चालान किया गया तथा बिना फिटनेस व बिना कर जमा संचालित एम्बुलेंस का चालान कर उन्हें पुलिस की सुपुर्दगी में करने की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन की कार्यवाही में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजीव कुमार, यात्री/मालकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, भिंगा प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी एवं प्रवर्तन दल में आरक्षी मौजूद रहे।

# ट्रक बना आग का गोला, धू धू कर जला



अमन लेखनी समाचार

निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील के अंतर्गत जहानाबाद हाईवे पर गिट्टी लेकर जा रहे ट्रक का अगला पहिया फट जाने से अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया, और उसमे आग लग गई,ट्रक चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई,सूचना मिलते ही मौके पर पीआरवी ने पहुंच कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी

स्थानीय जहानाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई,पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक ट्रक को आग ने अपने आगोश में ले चुका था फिर भी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जन हानि तो कोई हुई नही पर ट्रक जल कर खाक हो गया।ट्रक चालक के अनुसार गिट्टी लाद कर फैजाबाद जा रहा था रास्ते में ये हादसा हो गया।

# सांसद द्वारा गरीबों को वितरण किए कंबल, खिल उठे बुजुर्गों के चेहरे




अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/ललितपुर के कस्बा पाली तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिमरधा अंतर्गत गरीब एवं असहाय लोगों के लिए वितरण किए गए कंबल सर्दी का मौसम आरंभ होते ही सांसद अनुराग शर्मा द्वारा झांसी ललितपुर के अपने क्षेत्र में सर्दी से बचने के लिए गरीब एवं असहाय लोगों की मदद के लिए सांसद पंडित अनुराग शर्मा द्वारा कंबल वितरण कराएं जा रहे हैं कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र में पाली तहसील अंतर्गत ग्राम सिमरधा में गरीब एवं असहाय लोगों के लिए वितरण किए गए कंबल तो वही उनकी टीम द्वारा कंबल वितरण करते हुए सभी वृद्ध एवं छोटे-छोटे बच्चों से ठंड से बचाव करने के लिए कहा और वृद्ध लोगों से कहा कि आप सभी लोग ठंड से बचने हेतु गर्म कपड़ों का उपयोग करें ताकि ठंड से बचा जा सके।और अपने बच्चों को भी सर्दी से बचाएं।

# प्रयागराज में सुश्वेता मिनटों में पन्नों पर उकेरती हैं चित्र

**पेंटिंग और कला का हर कोई फैन, बोलीं- असिस्टेंट प्रोफेसर बनना सपना**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, प्रयागराज की सुश्वेता सरकार बचपन से ही बोलने और सुनने में असमर्थ है। मगर, उन्होंने वह हर काम किया है।जो आमतौर पर सामान्य बच्चे कर सकते हैं।सामान्य बच्चों की तरह की पढ़ाई कर हमेशा अव्वल आती रही। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से लेकर बीएचयू, वाराणसी तक जाकर पढ़ाई और नेट क्वालिफाई हुई। इतना ही नहीं पेंटिंग बनाने में वह सबसे आगे है। शहर में लगने वाली विभिन्न प्रदर्शनी में उसकी पेंटिंग सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। उनकी कला व पेंटिंग का हर कोई फैन है। मिनटों में हुबहू चेहरा पन्नों पर उतार देने की कला हर कोई तारीफ करता है। सुश्वेता हमेशा नई चीजें सीखना चाहती हैं। सुश्वेता लीप रीडिंग के जरिए हर किसी की बात को आसानी से समझ सकती हैं। अभी उनके कान की मशीन लगी है जिसे लगाने पर वह काफी हद तक दूसरों की बात सुन सकती हैं। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपनी पेंटिंग आदि सोशल मीडिया पर भी शेयर करती रहती हैं। स्टैनली रोड पर सेंट एंड्रूज स्कूल में प्राइमरी लेवल की पढ़ाई के बाद इनका प्रवेश बिशप जानसन गर्ल्स कॉलेज में हो गया। इसके बाद साल 2012 में इन्होंने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट कम्प्लीट की। फिर मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स की पढ़ाई की। अभी हाल में इन्होंने नेट क्वालिफाई किया है।

# अतीक के फाइनेंसर नफीस बिरयानी की मौत

## नैनी जेल में हार्ट अटैक के बाद हुआ भर्ती; 26 दिन पहले मुठभेड़ के बाद अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, अतीक अहमद के फाइनेंसर नफीस बिरयानी की सोमवार सुबह मौत हो गई। प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल में बंद नफीस बिरयानी को रविवार शाम हार्ट अटैक आया। जेल प्रशासन ने उसे प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में भर्ती करवाया। 3 डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही थी। देर रात करीब 2 बजे उसकी हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने बताया, उसकी हार्ट अटैक के बाद किडनी भी फेल हो गई थी। अब पुलिस उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की तैयारी कर रही है। अतीक अहमद के फाइनेंसर नफीस बिरयानी को प्रयागराज पुलिस ने 22 नवंबर 2023 को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ में नफीस बिरयानी के पैर में गोली लगी थी। उमेश पाल मर्डर केस में इस्तेमाल की गई कार पहले नफीस बिरयानी के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी। उमेश पाल मर्डर केस में नफीस बिरयानी के खिलाफ धूमनगंज थाने में ऋकफ दर्ज है। दरअसल, पहले नफीस का रेस्टोरेंट ईट ऑन सिविल लाइंस में संचालित हो रहा था, लेकिन प्रशासन ने उसे ध्वस्त करा दिया था। इसके बाद ईट ऑन रेस्टोरेंट का दोबारा संचालन पीडी टंडन रोड पर इलूर के सामने शुरू हुआ।

बताया जाता है कि इसमें माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ ने काफी सहयोग किया था। यहां अतीक से जुड़े ज्यादातर लोग शाम को बिरयानी खाने पहुंचते थे। उमेश पाल हत्याकांड के बाद नफीस की गिरफ्तारी हो गई और ईट ऑन रेस्टोरेंट पर ताला लटक गया। अब सोमवार से एग्रीमेंट खत्म होने के बाद यह रेस्टोरेंट अवैध हो जाएगा। ईट ऑन की एक शाखा फाफामऊ के शांतिपुरम् में भी संचालित हो रही है। माफिया अतीक अहमद और अशरफ का करीबी नफीस बिरयानी शाइस्ता परवीन को हर माह 25 से 30 लाख पहुंचाता था। यह उसकी कमाई का हिस्सा होता था। दरअसल, नफीस को ईट आन रेस्टोरेंट से मोटी कमाई होती थी। नफीस बिरयानी के धंधे में अतीक और अशरफ के भी रुपए लगे थे। जब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद नफीस को गिरफ्तार किया था तभी इन सब बातों का पता चला था।

**पुरस्कार** — यूपी पुलिस ने राउरकेला को हरा जीती ट्रॉफी, अंकित को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

# हमीरपुर में हाकी टूर्नामेंट का फाइनल

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में 15 दिन से चल रहे अखिल भारतीय खेल महोत्सव में हाकी टूनामेंट का आज फाइनल मैच था। यह मैच उड़ीसा की राउरकेला टीम और यूपी पुलिस के बीच खेला गया।जिसके मुख्य अतिथि कौशल किशोर शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार और कस्बे के युवा समाजसेवी कमरुद्दीन उर्फ जुगनू रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण और हज मंत्री दानिश आजाद अंसारी और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बासित अली रहे। फाइनल मुकाबले के पहले महिला वर्ग में झांसी और ग्वालियर के बीच खेला गया।जो अंत तक गोल रहित रहा और पेनाल्टी शूट आउट में ग्वालियर ने झांसी को हराकर मैच जीत लिया। तो वहीं फाइनल मुकाबले को यूपी पुलिस ने 2-1 से अपने नाम किया है। रविवार को लगभग 10 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति में रहमानिया कालेज खेल ग्राउंड में दोनों टीमों ने जमकर पसीना बहाते हुए रोमांचक हाकी का प्रदर्शन किया। दो हाफ के बजाय चार क्वार्टर का खेला गया। फाइनल मैच का पहला क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हो गया। लेकिन दूसरे हाफ के कुछ मिनट पहले राउरकेला ने यूपी पुलिस पर पहला गोल दागकर महत्वपूर्ण बढ़त बना ली। हालांकि सेकंड हाफ अब तक खेले गए सभी मैचों में यूपी पुलिस का स्ट्रांग पक्ष रहा है। यूपी पुलिस ने अब तक अपने सभी मैच सेकेंड हाफ में ही गोल कर जीते हैं। इसी बीच दूसरे क्वार्टर यानी पहले हाफ तक स्टील प्लांट राउरकेला ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखने में कामयाब रही है। लेकिन तीसरे क्वार्टर यानी दूसरे हाफ में यूपी पुलिस ने राउरकेला पर पहला गोल दागकर मैच बराबरी पर ला दिया। इसके पांच मिनट बाद यूपी पुलिस ने दूसरा गोल कर मैच में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली जो निर्णायक हो सकती है। मैच समाप्त होने तक यूपी पुलिस की बढ़त बरकरार रही जिसके चलते यूपी पुलिस ने 2-1 से मैच जीतकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने के लिए यूपी पुलिस के अंकित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया जबकि पूरे टूनामेंट में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले यूपी पुलिस के हारिस को मैन आफ द सीरीज चुना गया। इस बीच कस्बे वासियों सहित कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों से कस्बे में स्टेडियम की मांग की। खेल महोत्सव के आयोजन में कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, अख्तर मास्टर, मुसर्रफ कमाल, लाला मालिक, लारैब भाई, बबलू भोपाली, हामिद उल्लाह, हाजी दबीर, वसीम, कलीम, चुन्ना दरोगा, बबलू भोपाली सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# पिछड़ा वैश्य महासम्मेलन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस

**मुनेश्वर गुप्ता ने कहा- बीजेपी में सभी समाज के लोगों को मिलता है अधिकार**

अमन लेखनी समाचार



हंडिया, हंडिया पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में आगामी 24 दिसंबर को होने वाले पिछड़ा वैश्य महासम्मेलन को लेकर हंडिया कस्बा में मुनेश्वर कुमार गुप्ता (जिला पंचायत सदस्य ज्ञानपुर) द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया उन्होंने कहा कि इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी 2024 लोक सभा चुनाव को देखते हुए अपने समाज के लोगो को एकजुट होने के लिए किया जा रहा है जो वैश्य समाज के लोग किसी के बहकावे में आकर किसी अन्य दल में अन्य पार्टी में है वो अपने घर में आए और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो पिछड़ों को लेकर उनकी सोच है उनको साकार करे आज आपको सीधे तौर पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में साफ साफ देखने को मिलेगा जो एक बार विधायक बने उन्हे भी पार्टी बिना भेद भाव किए सीधा मुख्यमंत्री का कुर्सी देने का काम किया है अन्य दल के लोग जो कहते है की वे पिछड़ों के हितैसी है वो बिलकुल गलत है उन्होंने कहा कि बीजेपी में सभी समाज के लोगो को सम्मान और उनका अधिकार दिया जाता है इन्ही सब चीजों को लेकर हम लोग यह सम्मेलन करने जा रहे हैं की हमारे पिछड़े वर्ग के भाई लोग जो अन्य दल के बहकावे में न आए बल्कि बीजेपी में आए और जो 2024 का मिशन 400 प्लास है उसे पूरा करने का काम करें उन्होंने कहा कि हमारे प्रधान मंत्री के कार्य देश में ही नहीं पूरे विश्व में दिखाई दे रहा है

# संक्षेप

## मेडा उपाध्यक्ष ने पकड़वाए भ्रष्ट कर्मचारी, दोनों को किया सस्पेंड

### सीलिंग कार्यवाही के नाम पर ली रिश्वत, जनता दर्शन में मिली थी शिकायत

मेरठ, मेरठ विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी रुकने का नाम नहीं ले रही। मेडा के दो अनुचरों ने लावड़ में सीलिंग की कार्यवाही के नाम पर एक आदमी से 5हजार रुपए की रिश्वत मांग ली। प्राधिकरण के वीसी अभिषेक पांडेय के पास मामला पहुंचा तो उन्होंने दोनों कर्मचारियों को एंटी करप्शन की टीम को सौंप दिया। वहीं दोनों कर्मचारियों को सस्पेंड भी कर दिया है। मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडे ने कर्मचारियों के भ्रष्ट आचरण पर कठोर एक्शन शुरू कर दिया है। सोमवार को उन्होंने रिश्वतखोरी के आरोप में न केवल दो अनुचरों को निलंबित कर दिया। वीसी ने खुद दोनों कर्मचारियों को दफ्तर में बुलाकर एंटी करप्शन टीम को सौंप दिया। साथ ही एसएसपी को एफआईआर के लिए पत्र भेजकर सचिव को जांच सौंप दी है। सचिव को 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देनी है। लावड़ कस्बे में लोगों ने जनता दर्शन में वीसी से शिकायत की थी कि मेडा कर्मी वेदप्रकाश और सुदेश अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई के नाम पर वसूली कर रहे हैं। लोगों से चार से पांच हजार रुपए लिए जा रहे हैं। वीसी अभिषेक पांडे ने सोमवार को दोनों आरोपी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया और एंटी करप्शन इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार को बुलाकर दोनों आरोपियों को अपने कार्यालय से ही उठवा दिया।

## सीसीएसयू मैस में हंगामा करने वाले 50 बवाली छात्र चिन्हित

### सस्पेंशन, नोटिस भेजने, सिक्योरिटी मनी सीज करने का एक्शन लेगी यूनिवर्सिटी

मेरठ, मेरठ के चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के पं. दीनदयाल उपाध्याय हॉस्टल के मैस में शनिवार रात बवाल करने के मामले में विवि ने 50 छात्रों को चिन्हित किया है। इन छात्रों पर विवि एक्शन की तैयारी में है। बता दें कि शनिवार रात हॉस्टल मैस में मुर्गा खाने की बात पर दो छात्र गुटों में बवाल हुआ था। देर रात हॉस्टल में पुलिस बुलानी पड़ी और पूरा माहौल बिगाड़ दिया गया। विवि ने सीसीटीवी के आधार पर छात्रों को चिन्हित किया है। इसमें से कुछ छात्रों को विवि सस्पेंड करने की तैयारी भी कर रहा है। कुछ स्टूडेंट्स की सिक्योरिटी मनी जमा की जा सकती है। पं. दीनदयाल उपाध्याय हॉस्टल में कमरा नंबर 77, 78 में एकजुट छात्रों ने मुर्गा खाने का विरोध करने वालों की पिटाई कर दी थी। बीटैक फाइनल ईयर के छात्र बाहर से खाना लेकर आए।। मेस में थाली में खाना खा रहे थे। तभी बीटेक सेकेंड और फर्स्ट ईयर के छात्रों ने इसका विरोध किया। जूनियर्स का ऑब्जेक्शन था कि सीनियर्स मीट लाए हैं और मैस में खा रहे हैं। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि जिस मीट को लेकर बवाल हुआ वो मीट नहीं बल्कि पनीर की सब्जी थी।

# कैरम में गोल्ड मेडल आस्विनी व रिहान तथा बालिका वर्ग में अभियाबंकी व गौरी ने जीता

## पीएच इन्टरनेशनल स्कूल पर तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड उरूवा के कुशलदेईया गाँव में स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हो गया। खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि भाजपा के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री विभ्राट चन्द कौशिक व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रवि तथा युवा क्षत्रिय महासंघ महामंत्री विनय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित करने के पश्चात झण्डारोहण व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।आयोजित प्रतियोगिता में कैरम में गोल्ड मैडल आस्विन गुप्ता और रेहान मिर्जा को और बालिकाओं में अभियांबकी और गौरी ने जीता।वही चेस फाइनल में बालिकाओं में अंशिका रेड हाऊस और अक्शा बेगम ग्रीन हाउस को क्रमश गोल्ड और सिल्वर मैडल मिला।चेस बालक वर्ग में मानस रेड हाऊस को स्वर्ण पदक और समद को रजत पदक मिला।100 मीटर फाइनल में अमन यादव रेड हाऊस को स्वर्ण और राहुल यादव को रजत पदक मिला।100 मीटर बालिकाओं में पूजा गोल्ड और खदीजा को रतक पदक मिला।बॉलीवाल सिनियर वर्ग में रेड हाऊस को स्वर्ण पदक और ब्लू हाउस रजक पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।सिनियर कबड्डी लड़कियों में ग्रीन हाउस ने गोल्ड और ब्लू हाउस ने रजक पदक जीता।कबड्डी लड़को में रेड हाऊस में गोल्ड मैडल और ग्रीन हाउस ने रजत पदक जीता।जुनियर कबड्डी में रेड हाऊस प्रथम रहा और येलो हाउस दूसरे स्थान पर रहीं।रस्सी खीच प्रतियोगिता में लड़कियों में रेड हाऊस गोल्ड के साथ प्रथम रहा और दूसरे स्थान पर ब्लू हाउस रहा। लड़को में पहले स्थान पर ब्लू हाउस और दूसरे स्थान पर ग्रीन हाउस रहा।डिबेट प्रतियोगिता में ब्लू हाउस की निधि अभियांबकी ने गोल्ड जीता।रेड हाऊस की तलत वसुंधरा दूसरे स्थान पर रहे।सभी वर्गो में मिलाकर रेड हाऊस ने सर्वाधिक अंक 1385 अंक लेकर प्रथम स्थान और दूसरे स्थान पर 1195 अंको के साथ ब्ल्यू हाउस रहा। इस मौके पर दर्जा प्राप्त मंत्री श्री कौशिक ने कहा कि खेल में हमेशा खेल की भावना होनी चाहिए। जिससे खिलाड़ी को अपने इस खेल भावना के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका मिलता है।स्कूल के प्रबंधक मनोज उमर वैश्य ने सभी बच्चो को उनके प्रयास और जीत के लिए शुभ कामनाएं दी।प्रिंसिपल जान पीटरसन ने आए हुए अतिथि गणों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर शिक्षकों में काजल, अनामिका, पूजा रोज ,अंबिका सन्नी, रूद्र, अंकित, फैसल, किशन, अकब , सलील, जैसमिन सहित स्कूल परिवार के साथ अभिभावक व दर्शकगण उपस्थित होकर बच्चों के रोचक खेल का आनंद उठाया।

# गीडा प्रशासन के तानाशाही से छुटकारा पाने के लिए उद्यमी लगा रहा न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा सेक्टर 13 स्थित के जास इंटर नेशनल के मालिक जलालुद्दीन अहमद ने गीडा प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए। मुख्यमंत्री, और उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाया है। आरोप लगाया है की गीडा सेक्टर 13 में 1995-96 में जास इंटर नेशनल इकाई की स्थापना की गई थी।उद्योग बढ़ाने के लिए भूमि की आवश्कता थी।उद्यमी को जानकारी हुई की कालेसर निवासी एक किसान आराजी संख्या 248 विक्रय के लिए तैयार है। जो तहसील की खतौनी में उसका नाम दर्ज है।2016 में भूमि की रजिस्ट्री करा कर उद्योग स्थापित कर दिया। उस दौरान भी खतौनी में गीडा नाम दर्ज नहीं था। इसके पूर्व धारा 80 की करवाई हो चुकी थी। 2018 में गीडा के नाम भूमि दर्ज हो गया। और तानाशाही दिखाते हुए गीडा प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर 17 अगस्त 2023 को फैक्ट्री अधिकांश भाग ध्वस्त करा दिया। जब की मामला न्यायालय में विचाराधीन था। फैक्ट्री स्थापित करने में उद्यमी ने पैतृक संपत्ति,बैंक लोन लेकर स्थापित किया था। देखना है पीड़ित उद्यमी को प्रशासन से कब न्याय मिलता है।

# अलग-अलग गांव में छेड़छाड़ के आरोपियों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के मल्हीपुर और कालेसर में युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से बरनी गोरखपुर निवासी एक महिला जो मल्हीपुर में किराए पर रहती है। मकान खपरैल का है। रात्रि में 8 बजे के करीब मकान मालिक अपने कुछ दोस्तो के साथ शराब के नशे में आए और कमरे में घुसकर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज, और जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने राम समुझ,प्रदीप कुमार कुछ अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ ,गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही कालेसर में एक युवती हैडपंप पर पानी भर रही थी। उसी दौरान पड़ोस का एक युवक आकर युवती को पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा था। पुलिस ने आरोपी अवनीश पुत्र दीपक निवासी कालेसर के खिलाफ छेड़छाड़,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# आईटीएम के शुभम पांडेय ने मैराथन में जीता पदक



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम पाण्डेय ने गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में टीम मैनेजर ए के सिन्हा के नेतृत्व में तीन अलग अलग श्रेणियों मे पदक प्राप्त कर अपने परिवार के साथ साथ संस्थान का नाम रोशन किया इस सफलता पर बधाई देते होते संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि कोशिश करने से ही सफलता प्राप्त होती हैं, यदि हम लगातार प्रयास करते रहेंगे तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नही हैं इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्र के इस सफलता पर बधाई दिया।

# कोचिंग जा रही बुलेट स्वर ने छात्रा को रौदा एसीएसटी का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार





गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के वसुधा में कोचिंग जा रही छात्रा को गांव का एक मनबढ ने अपनी बुलेट से रौद दिया था। पत्नी के विरोध करने पर वह जातिसूचक गलियां देते हुए लात घुसो से मार पीटकर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से वसुधा निवासी भोला प्रसाद की पुत्री श्रेया कुमारी जो कक्षा 5 पढ़ती है। वह कोचिंग करने जा रही थी। गांव का एक युवक तेज गति से बुलेट चलाते हुए छात्रा को रौद दिया। जिससे घायल हो गई। छात्रा की मां ने जब विरोध किया। तो मनबढ जातिसूचक गालियां देते हुए लात घुसो में मारा पीटा। पुलिस ने आरोपी प्रद्युमन सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी वसुधा के खिलाफ एसीएसटी,दुर्घटना, तथा मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

# अलग अलग मारपीट के मामले में पांच पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बरईपार निवासी नंदनी पत्नी पिंटू के मकान के पास गांव का एक युवक शराब के नशे में फोन पर गाली गलौज कर रहा था। पीड़िता ने विरोध किया तो उसके परिजन आ गए और गाली गलौज करते हुए, मारा पीटा। पुलिस ने चंदन, चंद्रकला, शकुंतला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही सेमरडाडी निवासी राजू निषाद पुत्र त्रिवेणी निषाद को गांव के दो युवक शराब के नशे में गाली दे रहे थे। जिसका विरोध किया। तो दोनो मिले मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने गोविंद, धनश्याम के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने हर्षित सिंह को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार





गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में 23 वें स्वर्ण पदक समारोह में नेशनल स्वर्ण पदक विजेता हर्षित सिंह को हिमाचल प्रदेश के राज्य पाल श्री शिव प्रताप शुक्ला ने सम्मानित किया । हर्षित सिंह राष्ट्रीय स्तर के पैराशूटर है यह 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2022 में सिल्वर मेडल जीत चुके हैं तथा 2021 से लगातार अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए ट्रायल दे रहे हैं, इनके द्वारा अब तक 18 पदक जीते गए हैं । अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक में खेलने की इच्छा है तथा देश का नाम रोशन करने का सपना है हर्षित सिंह जन्म से दोनों पैरों से विकलांग है हर्षित मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले हैं इनके पिता प्रदीप कुमार सिंह वर्तमान में उप जिलाधिकारी बांसगांव/ओ एस डी गोरखपुर विकास प्राधिकरण पद पर कार्य कर रहे हैं ।

# ठंड से ठिठुरते राहगीर, नदारद समाजसेवी ने जलवाया अलाव

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। तहसील क्षेत्र में सरकारी अलाव ठंडे पड़े हुए हैं जिसके चलते गरीब तबके के लोग ठंड से ठिठुरते हुए देखे जा रहे हैं, कड़ाके की ठंड में भी जायस नगर पालिका सहित तिलोई तहसील क्षेत्र के ग्रामीणांचलों में सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। तिलोई में फुटपाथ, बस स्टैंड इन्हौना में बस स्टैंड अकबरगंज रेलवे स्टेशन के निकट अपना अस्थायी घर बसाए लोगों पर ये ठंड आफत बनकर टूट रही है। इनमें कई महिलाएं एवं वृद्ध भी हैं। सड़क किनारों में बसे लोगों की बेबसी समाजसेवी संगठनों को दिख रही और न ही नगर पालिका या जिला प्रशासन को। वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात का न्यूनतम तापमान गिरते जा रहा है। ऐसे में बेघर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, आदि जगहों पर ट्रक वाले भी ठंड से ठिठुरते देखे जा रहे हैं। सार्वजनिक जगहों पर बेघर लोगों को सोते हुए या ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा सकता है। सप्ताह भर से ठंड का असर बढ़ गया है। रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोग स्वयं कहीं पैरा या लकड़ी, टायर, बांस बल्ली से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन के सरकारी अलाव तहसील क्षेत्र में एक दर्जन जगह जलाये जाते हैं लेकिन प्रशासन के चिंहित स्थानों पर भी अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं करवाई गई है जिससे ठंड से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है सर्दी के इस मौसम में इन्हौना, तिलोई, सेमरौता, शिवरतनगंज, सिंहपुर, अहोरवा भवानी, मोहनगंज बहादुरपुर, जायस में सुबह-शाम लोग अलाव की तरफ इधर उधर ताकते हैं लेकिन प्रशासन की अलाव व्यवस्था नदारद है। इन्हौना निवासी भाजपा नेता शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि इन्हौना चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है यदि अलाव की व्यवस्था जल्द नहीं कराई गई तों अमेठी सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से इसकी शिकायत करेंगे। वहीं दूसरी ओर समाज सेवी राम किशोर तिरवेदी उर्फ बब्लू भैया ने कहा कि गरीब तबके के लोग ठंड से ठिठुरते हुए देखे जा रहे थे जिन्हें देखकर उन्होंने अहोरवा भवानी सड़क मार्ग पर अलाव जलाकर लोगों को ठंड से राहत दिलाने का काम किया है।

# जहांगीराबाद में बाजार में हो रहे अतिक्रमण को लेकर बैठक

## कोतवाली प्रभारी और व्यापारियों की बीच हुई चर्चा, सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने को लेकर बनी सहमति

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, जहांगीराबाद के पुरानी कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी आरके पचौरी की अध्यक्षता में बाजार में हो रहे अतिक्रमण एवं लगने वाले जाम को लेकर व्यापारियों के साथ मंथन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह एवं कोतवाली प्रभारी आरके पचौरी ने उपस्थित व्यापारियों के सुझाव सुने। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी ने कहा कि यदि कोई व्यापारी सड़क पर बेवजह अतिक्रमण करता है, तो उसकी खिलाफ कार्रवाई की जायेंगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। बता दें कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था ज्यादा बिगड़ी हुई है।

खासतौर पर दोपहर के समय शहर के मुख्य चौक चौराहों व शाम को बाजारों में जाम लगता ही लगता है। इस जाम की समस्या से निपटने से पहले पुलिस बाजारों से अतिक्रमण हटवाना चाहती है।

ताकि सड़कें खुली हो जाएं और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जा सके। मीटिंग मे सभी व्यापारियों की सहमति से तय हुआ कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के शटर से 2.5 फुट के दायरे में अपना सामान रखेंगे। जो भी व्यापारी 2.5 फुट के दायरे से आगे सामान लगायेगा। उस व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिससे बाजार में अतिक्रमण से छुटकारा मिल सके।

### इन लोगों की रही मौजूदगी

इस दौरान बैठक में नगर पालिका सफाई निरीक्षक अधिकारी राकेश कुमार, विजय गुप्ता, नीरज पहाड़ी, मनमोहन अग्रवाल (सभासद), राजकुमार गोयल,नगर अध्यक्ष रोहित पहाड़ी, जयभगवान गुप्ता, विजय बंसल,बालेश बंसल, अभिषेक शर्मा, आलोक गोयल, प्रांशु सिंघल, सुनील गोयल, मुक्की सिंघल, अमित गुप्ता, हरीश तायल, नरेश बंसल, दिनेश बंसल, मुक्की सिंघल, अजय बंसल, भोलन चाचा, पिटंल गोयल, अजय सोनी, पीयूष कंसल, आयुष गोयल, मोनू जिंदल, प्रदीप गुडडा, नवीन बंसल, गौरव पहाड़ी, विकास कुमार, ललित बंसल, नवीन गर्ग, सुधीर गोयल, उमेश बंसल, राकेश गर्ग आदि सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

बांटने

## पंडित शिवाकांत महराज ने कहा- सनातन यात्रा हिन्दुओं को बांटने कमजोर करने के अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र को रोकना है

# मेरठ में निकाली गई सनातन यात्रा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के बिजली बंबा बाईपास स्थित भड़ाना फार्म हाउस से अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पं. शिवा कान्त महाराज ने सनातन यात्रा को प्रारंभ कर दिया है। रविवार को भड़ाना फार्म हाउस से प्रारंभ हुई मां गंगा की भव्य एवं दिव्य आरती के साथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। सनातन यात्रा में लाखों की संख्या में सनातनी जनों की भीड़ उमड़ी और पूरा मेरठ सनातन मय हो गया। सनातन यात्रा का लक्ष्य राष्ट्र रक्षा व समाज की एकजुटता सनातन यात्रा से प्रयास भारतीय संस्कृति मानवीय मूल्यों सनातन संस्कारों को घर-घर जन-जन तक पहुंचाना। सनातन यात्रा का कारण देश को कमजोर करने और जाति धर्म में बांटने के षड्यंत्र को रोकना है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित शिवाकान्त महाराज द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में सनातन प्रेमियों के साथ सनातन यात्रा निकाली जा रही है। रविवार को यात्रा बिजली बंबा चौक एल ब्लॉक चुंगी पीवीएस बैंक ऑफ बदौड़ा सेंट्रल मार्केट कैलाश डेरी सम्राट स्वीट गांधी आश्रम सूरजकुंड सर्किट हाउस होते हुए यात्रा का प्रसिद्ध ओगरनाथ मंदिर में विश्राम हुआ। हापुड़ रोड होते हुए शास्त्री नगर पहुंची जहां यात्रा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद यात्रा गढ़ रोड और बच्चा पार्क होती हुई कैंट में पहुंची सनातन यात्रा का शहर की जनता ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। आचार्य पंडित शिवाकांत महराज ने कहा कि इस यात्रा के जरिए एक साथ हजारों की तादाद में महिलाएं पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी संस्कारों की धारा में बहेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन यात्रा हिन्दुओं को बांटने कमजोर करने के अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र और देश की कट्टरवादी शक्तियों के चक्रव्यूह को तोड़ने की एक कोशिश है। शिवाकांत महराज ने कहा कि यात्रा को शुरू करने की प्रेरणा भी ईश्वरी कृपा है। उन्होंने कहा कि में कुछ महीने पूर्व लंदन और आसपास के शहरों में यात्रा पर था। मैंने वहां सनातन के प्रति जो उत्साह आकर्षक और श्रद्धा देखी वह अद्भुत है वहां के राजा के परिवार के कई सदस्य सनातन के प्रति श्रद्धा से हिंदू आस्था में डूब गए थे। उसी दिन मैंने मन में ही संकल्प कर लिया कि देश के हर कोने-कोने तक जाकर सनातन मूल्यों सिद्धांतों और संस्कारों को घर-घर तक जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। भारतीय संस्कृति और मानव मूल्यों में सारी धारा अर्थात पृथ्वी अपना कुटुंब माना गया है। हम कहते हैं अयम निजह परोवेक्ति गणना लघुचेतिसान उदार चरितानाम तू वसुधैव कुटुंबकम आज का संकट यह है कि प्रगति और तरक्की की दौड़ में हम अंधे होकर भाग रहे हैं। हमको अपने परिवार व बच्चों को भी संस्कार देने की फुर्सत नहीं है। इसलिए समाज में विश्वास का संकट खड़ा हो गया है। कल्पना कीजिए हम उस संस्कृति और इस इतिहास के साथ पैदा हुए हैं। जहां राजतिलक से पहले पिता की इच्छा और आदेश को मानकर राम बनवास को चले गए। जिसको राज पाठ मिला वह भरत 14 वर्ष तक राम की खड़ाहूं सिंहासन पर रख तपस्वी की तरह जिया दूसरी तरफ एक इतिहास है। जिसमें सिंहासन के लिए अपने पिता को कैद में डाला भाई को काट डाला।

# अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



जायस, अमेठी। अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना जायस मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवकुमार पुत्र रामकेवल पासी नि0 पूरे पासिन मजरे फत्तेपुर मवईया थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को खरौली पुल के पास से समय करीब 11:02 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## 01 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोन सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार 20 दिसंबर को कोन पुलिस द्वारा थाना कोन अन्तर्गत ग्राम बिजौरा तिराहा से अभियुक्त गोखुल प्रजापति पुत्र नन्हकू प्रजापति निवासी खेमपुर, उम्र करीब 55 वर्ष के कब्जे से कुल 01 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोन पर मु0अ0सं0-175/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-1.मु0अ0 सं0 -44/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोन, सोनभद्र। 2.मु0अ0सं0 175 /2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोन, सोनभद्र।

# जिला शिक्षा प्रशिक्षण समग्र शिक्षा माध्यमिक के अन्तर्गत टीएलएम मेला किया गया आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक 20 दिसंबर 2023 को स्थान जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान राबट्र्सगंज सोनभद्र में समग्र शिक्षा माध्यमिक के अन्तर्गत जनपद स्तर की राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के गणित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय के अध्यापकों का टीएलएम मेला आयोजित किया गया। चयनित टी०एल०एम० को मण्डल स्तर पर आयोजित टी०एल०एम० प्रदर्शनी दिनांक 21.12.2023 स्थान - राजकीय इण्टर कालेज मीरजापुर में प्रतिभाग करेंगे।

समग्र शिक्षा माध्यमिक के अन्तर्गत मण्डल स्तर पर दिनांक 21.12.2023 को स्थान- राजकीय इण्टर कालेज मीरजापुर में आयोजित टी०एल०एम० प्रदर्शनी में जनपद स्तर पर चयनित विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय के सर्वश्रेष्ठ टी०एल०एम० के शिक्षकों को अपने टी०एल०एम० के साथ प्रतिभाग कराने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांकः 20.12.2023 को जनपद स्तर पर टी०एल०एम० प्रदर्शनी आयोजित की गयी जिसमें निम्न विवरण के अनुसार सर्वश्रेष्ठ टी०एल०एम० का चयन हुआ है-



विषय गणित में राजकीय इ०का० अनपरा उपमा बैस प्रथम स्थान

राजकीय इ०का० घोरावल विजय प्रजापति- शंकु परिच्छेद पाइथागोरस प्रमेय द्वितीय स्थान

राजकीय इ०का० अनपरा ज्योति प्रकाश- वृत्त का क्षेत्रफल एवं संवसमिका तृतीय विज्ञान विषय में राजकीय बा०इ०का० डोहरी

पूनम यादव- पी०एन० जक्सन डायोड प्रथम राजकीय इ०का० दुद्धी संजय कुमार- ह्यूमन साइकोलॉजी द्वितीय राजकीय इ०का० दुद्धि धनन्जय कुमार वर्मा- ह्यूमन हर्ट तृतीय सा० विज्ञान में राजकीय बा० हाई० चकदहिया राधिका कुशवाहा- जैविक कृषि प्रथम राजकीय बा० हाई० भुसौलिया पूनम रानी - ट्रैफिक सिग्नल द्वितीय राजकीय इ०का० घोरावल हरेन्द्र यादव

धार्मिक सुधार आन्दोलन तृतीय

जनपद स्तर पर चयनित उपरोक्त टी०एल०एम० के शिक्षकों को मण्डल स्तर पर दिनांक 21.12 .2023 को स्थान- राजकीय इण्टर कालेज मीरजापुर में आयोजित टी०एल०एम० प्रदर्शनी में अपने टी०एल०एम० के साथ प्रतिभाग करेंगे। प्रकाश सिंह, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रावटसगंज सोनभद्र, राजेंद्र प्रसाद यादव जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र, के निर्देशन में उपलब्ध कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अरविंद सिंह चौहान जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक ने कार्यक्रम आयोजन उपरांत प्रशस्ति पत्र दिला करके अध्यापकों को सम्मानित कराया। जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के समस्त प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पात्र लोगों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ- जवाहर लाल राजपूत



**तहसील परिसर में जरूरतमंद लोगों को किए गए कंबल वितरित**

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा झांसी। तहसील परिसर गरौठा में बुधवार को गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत व न्यायिक उप जिलाधिकारी गरौठा यदुवीर सिंह द्वारा कस्बा सहित आस-पास के ग्रामों के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक जवाहर राजपूत ने कहा की सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति सर्दी से परेशान ना रहे। ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले।इसके पश्चात गरौठा विधायक जवाहर राजपूत ने तहसील गरौठा कोर्ट परिसर व कस्बा गरौठा सुभाष नगर में बन रही पेयजल टंकी का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस का सीएमओ ने किया शुभारम्भ



अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा,झाँसी। जिले को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक नया एंबुलेंस मिला है। चार एडवांस लाइफ सपोर्ट एएलएस एम्बुलेंस में से एक एंबुलेंस जर्जर हो जाने के कारण एक नई एएलएस एंबुलेंस को बोर्ड में शामिल किया गया है।बुधवार को सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया।इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि नई एंबुलेंस पुरानी एंबुलेंस के स्थान पर संचालित की जाएगी। इस एंबुलेंस में सभी जीवन रक्षक दवाएं ऑक्सीजन व उपकरण उपलब्ध है। इस एंबुलेंस का संचालन मेड केयर 365 संस्था द्वारा किया जा रहा है। ए एल एस एंबुलेंस को झांसी के जिला अधिकारी संजय ठाकुर ने बताया कि अगले माह तक दो एंबुलेंस और आ जाएंगे। इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर सुधाकर पांडे ,ए सीएमओ डॉक्टर अजय भोले, लखन बाबूजी वह एंबुलेंस स्टाफ उपस्थित रहे।

# एसबीए चुनावः सभी तैयारियां पूर्ण सिर्फ 908 वकील कर सकेंगे मतदान

**21 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगा मतदान।**

**मतदान करने सिओपी कार्डधारक वकील कोर्ट पोशाक में आएं: शशि कुमार मिश्र।**

**अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा।**

**22 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की होगी घोषणा।**




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2023प्त24 के लिए सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। सिर्फ 908 वकील मतदाता 21 दिसंबर को मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए 15 वकीलों को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। सिर्फ चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इसके लिए 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतदान शुरू होगा और 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतगणना शुरू होगी और विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कुल 923 वकील मतदाता हैं, जिनमें से 15 वकीलों ने 18 दिसंबर को टेंडर के जरिए मतदान किया है। अब सिर्फ 908 वकील मतदाता ही मतदान कर सकेंगे। वकील मतदाताओं को कोर्ट पोशाक में सिओपी कार्ड के साथ ही मतदान करने दिया जाएगा। अबकी बार चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन्हीं पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक 6 प्रत्याशी विनय कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश राय, रमेश देव पांडेय व अरुण कुमार मिश्रा शामिल हैं । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं लालता प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार सिंह गौतम व अखिलेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अनिल कुमार पाण्डेय , उमेश कुमार शुक्ल व राजकुमार सिंह शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतदान शुरू कराया जाएगा। वकील मतदाता एसबीए भवन के भूतल हाल में बने दक्षिणी दरवाजे में बने प्रवेश द्वार से मतदान करने के लिए प्रवेश करेंगे, जबकि उत्तरी दरवाजे से मतदान के बाद निकास द्वार से बाहर निकल सकेंगे। वहीं 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतगणना शुरू होगी, उसके बाद विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना आवास का किया निरीक्षण



**परिसर में संपन्न हुई अपराध नियंत्रण गोष्टी में एसपी ने निभाई सहभागिता**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित प्रशासनिक आवास का पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने निरीक्षण किया आवास परिसर कीचकपुर में अपराध नियंत्रण गोष्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पहुंचे पुलिस अधीक्षक का क्षेत्राधिकारी बिंदकी सुशील द्विवेदी थाना प्रभारी विद्या यादव आदि गणमान्य लोगों ने भव्य स्वागत किया पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में आम जनमानस को सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने दरवाजे तथा चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाऐ जिससे अपराध पर नियंत्रण पाया जा सके क्षेत्रीय लोगों ने भी औंग चौराहे पर पुलिस प्रशासन की तैनाती समेत पेट्रोलिंग बढाऐ जाने की मांग की वही सीमा बॉर्डर पर छिवली नदी के समीप स्थाई पुलिस चौकी बनाए जाने की मांग आम जनमानस के द्वारा की गई जहां पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही प्रस्ताव पारित करने का आश्वासन दिया इस मौके पर क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहें

## गांव-गांव में निकल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

अमन लेखनी समाचार

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ के ग्रामीण इलाकों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है राजगढ़ ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत कुड़ी में भारत संकल्प यात्रा के साथ लोगों को संकल्प भी दिया गया है की गांव को स्वच्छ बनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं गरीबो तक पहुंच रही है। ग्राम प्रधान कुड़ी गुलाब मौर्य ने मां विंध्यवासिनी का चित्र ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह और सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह पटेल को भेंट की। जिसमें प्रधानमंत्री सम्मान निधि मुख्यमंत्री आवास प्रधानमंत्री आवास अन्य योजनाएं शामिल है। साथ ही सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में गरीबों के घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जारी योजनाएं जिसमें वृद्धा पेंशन , विधवा पेंशन, उज्ज्वला योजना गरीबों को राशन सहित तमाम योजनाओं इसके अलावा विकलांग लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। इसके लिए फार्म भरवा कर योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है ।इसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फाइलेरिया के मरीज को दबाए भी वितरित की जा रही है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत बीओपीआरडी अभय कुमार सिंह राजगढ़ ब्लॉक के कृषि अधिकारी संतोष कुशवाहा प्रवीण पांडे उपस्थित रहे।

## मानक के विपरीत किया जा रहा नाला निर्माण,जांच के निर्देश

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झाँसी। स्थानीय नगर पालिका परिषद गुरसरांय द्वारा नगर के सोमवार की हाट पर ओपन जिम के बगल में निमार्णाधीन नाला अपने निर्माण के प्रारंभिक चरण में ही भ्रष्टाचार का शिकार हो गया। मानकों को ताक पर रखकर नाला निर्माण किया जा रहा है ।इस निर्माण में मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ।नाला निर्माण में द्वितीय श्रेणी के गिट्टी का खुला प्रयोग हो रहा है साथ ही बालू-सीमेंट का अनुपात भी मानक के पूरी तरह विपरीत है ।सीमेंट का उपयोग नाम मात्र के लिए किया जा रहा है ।इसके साथ ही डस्ट का प्रयोग भी टिकाऊ नाला निर्माण पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है ।नाला निर्माण में मानक के विपरीत मसाले में अधिक मात्रा में डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है ।निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अनुपालन कराने में रुचि नहीं ली है ।फलस्वरूप मानकों को धत्ता बताते हुए नाला निर्माण कार्य जारी है ।निर्माण कार्य में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ।निर्माण के साथ ही इस नाला के निर्माण में अनियमितता के आरोप लगने लगे है ।कस्बे के जागरूक लोगों ने नाले में मानक के विपरीत कार्य करने पर जांचकर कार्रवाई की मांग की है ।जागरूक लोगों ने निर्माण कार्य को लेकर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी से उक्त निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है ।इस संबंध में जब नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा है कि यदि मानक के विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है तो ठेकेदार के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध कच्ची शराब पर प्रशासन का चला चाबुक

**छापामारी की कार्यवाही में बड़ी मात्रा में बरामद की गई कच्ची देशी शराब**



अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी क्षेत्र में जिलाधिकारी सी इंदुमती द्वारा अपमिश्रित कच्ची देशी शराब के निष्कर्षण व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उपजिलाधिकारी बिंदकी अनिल कुमार यादव के निर्देशन पर बुधवार को नायब तहसीलदार रवि प्रजापति व आबकारी प्रभारी निरीक्षक राजीव माथुर की अगुवाई में पुलिस टीम ने सरकंडी डेरा में छापामारी कर दो बड़े कनस्तर अपमिश्रित कच्ची देशी शराब बरामद किया। बरामद अपमिश्रित कच्ची देशी शराब व बरामद दहन को मौके पर ही टीम ने नष्ट करा दिया।

नायब तहसीलदार रवि प्रजापति ने बताया कि उपजिलाधिकारी बिंदकी अनिल कुमार यादव को सूचना मिली थी कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सरकंडी में अवैध रूप से अपमिश्रित कच्ची देशी शराब का निर्माण व बिक्री किया जा रहा है। सूचना के आधार पर उपजिलाधिकारी ने आबकारी विभाग व पुलिस बल के साथ उन्हें सरकंडी गांव डेरा में छापामारी करने हेतु निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी के निदेर्शानुसार बुधवार को नायब तहसीलदार रवि प्रजापति व आबकारी प्रभारी निरीक्षक राजीव माथुर की अगुवाई में कोतवाली व सरकंडी चौकी के पुलिस बल ने छापा मारकर एक बड़ी मात्रा में अपमिश्रित कच्ची देशी शराब बरामद किया।

# अवैध गांजा के साथ एक हिस्ट्री शीटर अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद में अपराध व अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रहे पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में बुधवार की सुबह मुखबिर की सटीक सूचना पर जाफरगंज थाना क्षेत्र के देवरी चौकी के अंतर्गत कमासिन चौराहे से एक वारंटीशुदा युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही पूरी करने के पश्चात हिस्टरी शीटर को जेल भेज दिया ।मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी जनपद समेत अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है वही थाना क्षेत्र के कमासिन चौराहे पर काफी समय से खड़े एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियां देखते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सत्य पाल सिंह उपनिरीक्षक सुमित नारायण तिवारी हेड कांस्टेबल उवैदउल्ला व कांस्टेबल हर्षित राजपूत ने अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम अमित उर्फ टेनी पुत्र स्व अच्छेलाल वर्मा निवासी डिघरुवा बताया है। जिसके पास से पुलिस ने पांच किलो पच्चास ग्राम गांजा बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाने में पहले से भी चोरी का मुकदमा दर्ज है। इस पर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

## फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

डाला सोनभद्र- पुलिस अधीक्षक डा० यशवीर सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 20 दिसंबर को हाथीनाला पुलिस के द्वारा अभियुक्त सुद्ध गौड उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र बन्धन निवासी औरा डण्डी विण्ढम गंज को मु0अ0सं0 52/23 धारा 3(1) उ०प्र० गैंगेस्टर एक्ट में 02 माह से फरार चल रहा था वहीं मुखबिर की सटीक सूचना पर हाथीनाला से दुद्धी मार्ग पर सुबह करीब 5.50 बजे गिरफ्तार कर कर मा० न्यायालय भेजा जा रहा है। इस दौरान टीम में हाथी नाला थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता हे0 का0 विष्णुशंकर उपाध्याय हे0 का0 विनोद कुमार यादव शामिल रहे।

## सब्जी फल विक्रेताओं ने डीएम से मांगा न्याय, जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उठायी पिछली कार्यवाहियों में हस्तक्षेप करने की मांग

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/ फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया व्यापार मण्डल के सब्जी, फल-फ्रुड व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मु.करीम पप्पू राईन ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी अन्नावि दिनेश कुमार ने विशिष्ट मंडी स्थल अमरपुर ललितपुर में निर्मित 290 दुकानों के आवटन हेतु दुकान आंवटन समिति द्वारा 15 सितम्बर 2021 को निमयत की थी बताया कि नियत 15 सितम्बर 2021 को उक्त नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतू कुल 127 फल, सब्जी अनुज्ञप्तिधारी फर्म/ व्यक्तियों द्वारा जमानत राशि जमा की गई। नियत तारीख को फल/सब्जी के समस्त मंडी के लाईसेंसधारी यापारी उपस्थित हुए और बोली के शुरूआत होते ही फल/सब्जी के व्यापारियों द्वारा आपत्ति की गयी की पुराने व्यापारियो को दुकान आंवटन में प्राथमिकता प्रदान किये जाने की मांग उठायी गयी। तत्कालीन अध्यक्ष जिला अधिकारी अन्नावी दिनेश कुमार दुकान आंवटन समिति ललितपुर द्वारा उनकी आपत्ति को नियमनुसार ना होने के कारण निरस्त कर दिया गया था आपत्ति निरस्त होने के उपरांत कुछ फल सब्जी के लाइसेंस धारी व्यापारी नीलामी का बहिष्कार कर उठकर चले गये थे तत्कालीन अध्यक्ष दुकान आवटन समिति ललितपुर द्वारा फल सब्जी के अवशेष व्यापारियों के मध्य दुकाने गोदामों की नीलामी शुरू करने के निर्देश दिये गये विशिष्ट मंडी स्थल जिसमें 33 दुकाने नीलामी में व्यापारियों को आंवटित हुई जिसकी समस्त कार्यवाही विचाराधीन रही तत्कालीन जिलाधिकारी आलोक सिंह के पद भार ग्रहण करते ही 13 मई 2022 को 23 दुकानों के विवापराधीन की कार्यवाही को निरस्त कर दिया इस मामले में उन्होंने हस्तक्षेप करते हुये जिलाधिकारी से कार्यवाही कर दुकानदारों को न्याय दिलाने की मांग मांग की।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**




# 'हनुमान' का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर आउट

**मुंबई।** तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म 'हनुमान' का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है। ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं। इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है।

लाइफ Style



# कृति

## शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने अपनी प्रोड्यूस की हुई फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग पूरी कर ली है। 'दो पत्ती' का रैप-अप हो चुका है। कृति ने जश्न मानते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्ट्रेस ने वीडियो और फोटोज शेयर की है।

कृति इस फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। 'आदिपुरुष' एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटोज शेयर की है, जिसमें काजोल, कनिका ढिल्लों, कृति सेनन और फिल्म डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा, और यह एक रैप-अप है! दो पत्ती की रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई है, 2024 में, केवल नेटफ्लिक्स पर। बता दें, कृति सेनन को फिल्मी पर्दे पर 9 साल का वक्त बीत चुका है। एक्ट्रेस पर्दे पर हीरोइन के तौर में काम किया है और अब प्रोड्यूसर के तौर पर भी अपना करियर शुरू करने जा रही है। फिल्म 'दो पत्ती' की कृति सेनन प्रोड्यूसर है। ये फिल्म कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई में बनी है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा, हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा भी होती है। दो पत्ती में मेरा दिल, आत्मा, दिमाग, प्यार, आंसू, सपने और बहुत कुछ है एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म और मैं ' हमने इस रचनात्मक यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह जानकर मेरा दिल बैठ गया कि यह यात्रा समाप्त हो गई है, मैं खूबसूरत यादों और उससे भी ज्यादा खूबसूरत लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इसे इतना खास बना दिया।

हॉलीवुड मसाला




# फुटबॉल मैच देखने निकलीं किम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को अक्सर अपनी बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया। हाल ही में किम को अपनी पांच साल की बेटी शिकागो और आठ साल के बेटे सेंट के साथ लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया। किम बच्चों के साथ बास्केटबॉल गेम्स के लिए जा रही थीं। लुक की बात करें तो किम रेड फलालैन शर्ट और कार्गो पैंट में स्टाइलिश दिखीं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स किम के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। केंडल को बीती रात दोस्तों के साथ कोलोराडो में डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको खूब इंप्रेस करती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करेंतो इस दौरान केंडल चॉकलेट ब्राउन और ब्लैक बेल्ट वाला फर कोट पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने ब्लैक ट्रांसपेरेंट स्टॉकिंग्स और ब्लैक बेली से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है।



# इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्त्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित 'ब्लू 52' से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने जा रही है इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल. अरबी ने कहा, ब्लू 52 का निर्माण मिस्त्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है।



# दिलजीत का 'बंदा' गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म डंकी के निर्माताओं ने नया गाना बंदा है, पेश किया है। 'बंदा' नाम का ये गाना एक जोशीला ट्रैक है, जो फैंस और ऑडियंस को फिल्म में शाहरुख खान के किरदार हार्डी से रूबरू कराता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है जबकि गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं और संगीत प्रीतम ने दिया है। शाहरुख खान का इंट्रोडक्शन सॉन्ग निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट लेकर आएगा। डंकी में अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

टीवी मसाला

# शादी के बंधन में बधेंगी श्रेनु रचाई दूल्हे के नाम की मेहंदी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और डांसर मुक्ति मोहन के बाद अब एक और एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने जा रही है। हम बात कर रहे हैं टीवी



एक्ट्रेस श्रेनु पारिख की। हाल ही में एक्ट्रेस की मेहंदी सेरेमनी हुई है, जिसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की है। श्रेनु पारिख जल्द अपने ब्वॉयफ्रेंड अक्षय म्हात्रे संग शादी करने जा रही है। शादी से पहले एक्ट्रेस की प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हुई है। अदाकारा की मेहंदी सेरेमनी हुई। इस मौके पर श्रेनु ग्रीन कलर का लहंगा पहना, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे की मुलाकात साल 2021 में 'घर एक मंदिर' के सेट पर हुई और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। इस कपल ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा।

# जी अनमोल सिनेमा पर कीजिए 'भक्ति की शक्ति' की दिव्य अनुभूति ! सोमवार से शुक्रवार हर सुबह ७ बजे

जी अनमोल सिनेमा के साथ कीजिए अपने दिन की एक शुभ शुरूआत ! यह चैनल अपनी ताजातरीन प्रस्तुति 'भक्ति की शक्ति' के साथ आपके लिए लेकर आया है, हृदय की गहराइयों में समाई एक दिव्य यात्रा। यह उत्सव है भक्ति की शक्ति का, जो हमें ईश्वर से मिले आशीर्वाद की याद दिलाती है और जीवन की कठिन चुनौतियां में हमारा साहस बढ़ाती है। इस प्रस्तुति का प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार सुबह ७ बजे किया जा रहा है।

'भक्ति की शक्ति' सार्थक कहानियों और आध्यात्मिकता में बसी है। इस पूरी अनुभूति को तीन कड़ियों में प्रस्तुत किया जाएगा, जिन्हें आपके भीतर श्रद्धा, भक्ति और साधना जगाने के लिए बड़े ध्यानपूर्वक चुना गया है।

सर्वप्रथम माननीय धीरेन्द्र शास्त्री जी, जिन्हें बागेश्वर धाम सरकार के रूप में भी जाना जाता है, के द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले




भक्तिमय भजनों और कथाओं का आनंद लीजिए, जो आपको दिव्य शक्ति से जोड़कर बुरी बलाओं और कठिनाइयों में आपके लिए रक्षा कवच का काम करेंगे। उनके शब्द सबके दिलों में उतर जाते हैं और हम सभी का विश्वास मजबूत बनाते हैं। दूसरी कड़ी में आनंद लिजिए जाने पहचाने भक्तिमय गीतों का और जानिए प्रभू के लीलाओं से जुड़ी मनमोहक कहानिया. तीसरी कड़ी में प्रसिद्ध कवि एवं वक्ता कुमार विश्वास द्वारा भक्तिमय कहानियां होंगी, जिनकी प्रस्तुति आपको एक अलग संसार में ले जाएंगी। इसके अलावा हर मंगलवार को सुबह ७ बजे सुंदरकांड का पाठ करते हुए बजरंग बली की भक्ति में लीन हो जाइए

'भक्ति की शक्ति' सिर्फ एक प्रस्तुति नहीं है बल्कि यह जीवन के उतार-चढ़ाव में हमारी मार्गदर्शक है। यह अपने परिवार की रक्षा करने, बुराइयों से दूर रहने और अपने आसपास की सकारात्मक चीजों से जुड़ने की शक्ति है। देखिए जी अनमोल सिनेमा, हर सोमवार से शुक्रवार सुबह ७ बजे और 'भक्ति की शक्ति' के साथ अपनी सुबहों को उज्जवल कर दीजिए।

# पहली बार लीड रोल में नजर आएंगी नोरा



**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही पहली बार पर्दे पर मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब एक्ट्रेस को बतौर लीड पहली फिल्म मिल गई है। नोरा फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। नोरा की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

## डंकी के लिए बुक हुए 70 प्रतिशत मल्टीप्लेक्स




**मुंबई।** शाहरुख खान 'डंकी' के साथ बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल रिलीज से पहले ही 'डंकी' का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ फिल्म की धुंआधार एडवांस बुकिंग भी हो रही है। डंकी की एडवांस बुकिंग के चलते देशभर के 70 फीसदी मल्टीप्लेक्स पहले दिन के लिए हाउसफुल हो गए हैं।

## हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर 'क्रैक' का टीजर आया सामने



**मुंबई।** रोलर-ब्लेडिंग से लेकर स्काइडाइविंग, स्कीइंग और कार-चेजिंग तक विद्युत जामवाल की लेटेस्ट फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा का टीजर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को टीजर जारी किया, जिसमें फिल्म की पेशकश के बारे में जानकारी दी गई। एक मिनट लंबे टीजर की शुरुआत विद्युत और अर्जुन के स्काइडाइविंग से होती है।

## दीपिका ओटीटी पर फिर दिखाएंगी जलवा



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है कि एक बार फिर ओटीटी पर नजर आएंगी। यह ओटीटी प्रोजेक्ट ड्रग माफिया कल्चर पर आधारित होने वाला है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और नेटफ्लिक्स के बीच ड्रग्स माफिया संस्कृति पर आधारित एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।